www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

मौसम

अधिकतम तापमान 37.c

26.c न्यूनतम तापमान

बाजार

सोना 87.400g

चांदी 91.500 kg

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

2 दूर होना चाहिए दक्षिणी राज्यों का संदेह, परिसीमन को लेकर बना है असमंजस

सड़क सुरक्षा के लिए नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान 04

वर्ष :08 | अंक :250 | मुंबई ,सोमवार ,03 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### मस्जिद में बिना अनुमति लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में मौलवी पर मुकदमा

पीलीभीत ।उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के जहानाबाद थाना क्षेत्र में एक मस्जिद में प्रशासन की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के आरोप में एक मौलवी पर मुकदमा दर्ज किया गया। जहानाबाद के थानाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि थाने में तैनात उपनिरीक्षक वरुण की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि शनिवार दोपहर काजीटोला स्थित एक मस्जिद में नमाज के दौरान लाउडस्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा था। मिश्रा ने कहा कि मौलवी अशफाक को 25 फरवरी को ही उच्चतम न्यायालय और शासन के आदेशों से अवगत करा दिया गया था, जिनके मुताबिक सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना लाउडस्पीकर या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

### 15 वर्षीय लड़की से बार-बार बलात्कार करने के आरोप में दो युवकों पर मामला दर्ज

मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ में शनिवार को दो लोगों पर 15 वर्षीय लड़की से बार–बार बलात्कार करने और उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें प्रसारित करने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। कोतवाली पुलिस थाने के अधिकारी पंकज शर्मा ने दर्ज शिकायत के आधार पर पीटीआई–को बताया कि एक साल पहले हवेली रोड स्थित एक होटल में लड़की के साथ बलात्कार किया गया था। शर्मा ने कहा, आरोपी रोहित साहू और विशाल साहू, जिनकी उम्र 20–22 वर्ष है, ने लड़की की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी करने की धमकी दी और कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया। लड़की ने आज अपने परिवार को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद दोनों पर भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।

# कांग्रेस नेता हिमानी की मां का अंतिम संस्कार से इनकार

## बोली- हत्या के पीछे पार्टी के ही लोग, वह पॉलिटिक्स छोड़ शादी करने वाली थी

हिमानी की मां ने कहा, 'हमें लगता है कि यह (अपराधी) कांग्रेस पार्टी से जुड़ा कोई व्यक्ति हो सकता है। राहुल गांधी की पदयात्रा के ठीक बाद से ही वह कुछ लोगों के लिए एक दुखती रग बन गई थी। कुछ लोगों को आश्चर्य हुआ कि वह इतनी कम उम्र में इतनी जल्दी कैसे आगे बढ़ गई।'

एजेंसी

रोहतक ,हरियाणा के रोहतक में सांपला बस स्टैंड के पास शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी नरवाल का शव सूटकेस में मिला, जिसने राज्य की कानून व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक उन्हें कोई सबूत नहीं मिला है। इस बीच हिमानी की मां सविता और भाई जतिन का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हिमानी के हत्यारे पार्टी से जुड़े हो सकते हैं। मां ने बेटी की मौत पर क्या कहा? हिमानी की मां ने कहा, 'प्रशासन यहां है। वे क्या करेंगे? वे जो कर सकते हैं, करेंगे। हमें लगता है कि यह (अपराधी) कांग्रेस पार्टी से जुड़ा कोई व्यक्ति हो सकता है। राहुल गांधी की पदयात्रा के ठीक बाद से ही वह कुछ

▶▶चुनाव के दौरान वह रात 2 बजे तक काम करती थी। आज एक बार भी वे हमारे पास नहीं आए। मैंने आशा हुड्डा (भूपिंदर सिंह हुड्डा की पत्नी) को फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया : हिमानी की मां

लोगों के लिए एक दुखती रग बन गई थी। कुछ लोगों को आश्चर्य हुआ कि वह इतनी कम उम्र में इतनी जल्दी कैसे आगे बढ़ गई। यह बात आशा हुड्डा जानती थीं, बत्रा साहब और हुड्डा साहब भी जानते थे। यह बात सभी जानते थे।' बेटी के साथ आखिरी मुलाकात को याद करते हुए सविता ने कहा, 'मैं 27 फरवरी को शाम 4 बजे तक उसके साथ थी। उसने मुझे बताया कि वे शाम 4 बजे दिल्ली के लिए निकलीं और दिल्ली बाईपास से बस पकड़ी। मैंने उस रात फिर उससे बात की। उसने मुझे बताया कि अगले दिन हुड्डा साहब का कार्यक्रम है ।और वे बात नहीं कर पाएंगी। उसने



कहा कि वे मुझे फ्री होकर एक बार फोन करेंगी। मैंने पूरा दिन इंतजार किया लेकिन जब मैंने रात को उसे कॉल किया तो उसका नंबर स्विच ऑफ था। जब मैंने अगली सुबह उसे कॉल किया तो वह दो बार स्विच ऑन हुआ और फिर से स्विच ऑफ हो गया।' इससे पहले सविता ने कहा था कि जब तक उनकी बेटी को न्याय नहीं मिल जाता, वह उसका अंतिम संस्कार नहीं करेंगी।

### भाई ने प्रशासन पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया

हिमानी के भाई जतिन ने कहा, 'हमारी कॉलोनी में कई सीसीटीवी लगे हैं। सूटकेस (जिसमें शव मिला) हमारे ही घर का है। हो सकता है कि वह (अपराधी) कांग्रेस पार्टी का कोई व्यक्ति हो, हो सकता है कि किसी को उससे इतनी जल्दी ऊपर चढ़ने पर ईर्ष्या हो।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि प्रशासन सहयोग नहीं कर रहा है, अगर वे सहयोग करते तो अब तक अपराधी पकड़े जा चुके होते।'जतिन ने कहा, 'वे पिछले 10 सालों से पार्टी से जुड़ी थीं।

# गुजरात में पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में की पूजा

## वंतारा में वन्यजीव संरक्षण का लिया जायजा, सासन गिर में करेंगे रात्रि विश्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर गुजरात पहुंचे, जहां उन्होंने सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना की और सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता की. उन्होंने जामनगर स्थित वंतारा पशु पुनर्वास केंद्र का दौरा किया और वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का जायजा लिया. पीएम मोदी सासन गिर में रात्रि विश्राम करेंगे और जंगल सफारी के बाद दिल्ली लौटेंगे.

एजेंसी



गुजरात ,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय दौरे पर अपने गृह राज्य गुजरात पहुंचे हुए हैं. वे शनिवार शाम को जामनगर पहुंचे थे और वहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया. दौरे के दूसरे दिन, रविवार को पीएम मोदी ने सौराष्ट्र नगर स्थित प्राचीन श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की. उन्होंने भगवान सोमनाथ महादेव का जलाभिषेक भी किया.

### श्री सोमनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना

सोमनाथ मंदिर में पूजा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्री सोमनाथ ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता करेंगे. यह ट्रस्ट इस प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल का प्रबंधन करता है और प्रधानमंत्री मोदी इसके अध्यक्ष भी हैं. इस बैठक के बाद पीएम मोदी सोमनाथ से सासन के लिए रवाना होंगे, जहां वे राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता करेंगे.

### वंतारा केंद्र का दौरा

इससे पहले रविवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के जामनगर जिले में स्थित पशु बचाव, संरक्षण और पुनर्वास केंद्र 'वंतारा' का दौरा किया. यह केंद्र 3,000 एकड़ में फैला हुआ है और रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है. वंतारा विशेष रूप से दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित है और उन्हें अभयारण्य, पुनर्वास एवं चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है.

# मायावती ने भतीजे आकाश को उत्तराधिकारी पद से हटाया

## एक साल में दूसरी बार सभी पद छीने; बोलीं- जीते-जी किसी को जिम्मेदारी नहीं दूंगी

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बीएसपी में बड़ा बदलाव करते हुए अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा।

एजेंसी

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बीएसपी में बड़ा बदलाव करते हुए अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। रविवार को बीएसपी की अहम बैठक में उन्होंने यह फैसला लिया। मायावती ने पार्टी महासचिव आनंद कुमार और राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को नया नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं ।मायावती ने



इस बात पर जोर दिया कि उत्तर प्रदेश के बहुजन समाज का विकास न केवल राज्य की प्रगति के लिए बल्कि पूरे देश की उन्नति के लिए जरूरी है। उन्होंने बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती के आगामी समारोहों की योजनाओं की रूपरेखा भी पेश की और उनकी विचारधारा के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# दो राज्यों में वोटर के एक जैसे ईपीआईसी नंबर पर चुनाव आयोग की सफाई

## कहा– फर्जी मतदाता से कोई संबंध नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली:** चुनाव आयोग ने दो अलग-अलग राज्यों के मतदाताओं के वोटर कार्ड पर एक जैसे ईपीआईसी (इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड) नंबर होने के मुद्दे को उठाने वाली सोशल मीडिया पोस्ट और मीडिया रिपोर्टों का संज्ञान लिया है. आयोग ने स्पष्ट किया कि एक समान ईपीआईसी संख्या का फर्जी मतदाता से कोई संबंध नहीं है.आयोग ने कहा है कि वह अलग-अलग राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में समान अल्फान्यूमेरिक सीरीज के उपयोग के कारण डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर से बचने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को यूनीक ईपीआईसी नंबर का आवंटन सुनिश्चित करेगा

# केंद्रीय मंत्री रक्षा खडस की बेटी से छेड़छाड़ के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

## पास्को और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज

रक्षा खडसे ने कहा कि दो दिन पहले मेरी बेटी यात्रा के लिए गई थी। लड़कियों के झूले पर बैठने के बाद लड़के उनका वीडियो बनाने लगे। जब गार्ड ने यह देखा तो उसने लड़कों को रोका। जब गार्ड ने मोबाइल जब्त कर जांच की तो लड़कों ने उसे पीटना शुरू कर दिया।

एजेंसी



महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। खडसे ने आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि जलगांव जिले के मुक्ताईनगर इलाके में मेले के दौरान कुछ युवकों ने उनकी बेटी और उसकी सहेलियों से छेड़छाड़ की। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश में टीम रवाना कर दी गई है ।रक्षा खडसे ने रविवार को मुक्ताईनगर में पत्रकारों से कहा, 'हर साल महाशिवरात्रि के अवसर पर हमारे इलाके में संत मुक्ताई यात्रा निकाली जाती है।

दो दिन पहले मेरी बेटी यात्रा के लिए गई थी। लड़कियों के झूले पर बैठने के बाद लड़के उनका वीडियो बनाने लगे।

### श्रीशैलम सुरंग हादस, फंसे 8 श्रमिकों की तलाश में बचाव कार्य जारी, स्थिति चुनौतीपूर्ण

एजेंसी

श्रीशैलम, आंध्र प्रदेशः श्रीशैलम में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग मार्ग पर हुई छत ढहने की दुखद दुर्घटना में फंसे 8 श्रमिकों को निकालने के लिए बचाव कार्य तेजी से जारी है. अधिकारियों का अनुमान है कि सभी श्रमिक मलबे में दबे हुए हैं, हालांकि उनकी जीवित रहने की संभावना अभी भी बनी हुई है. सुरंग के भीतर की जटिल स्थिति के कारण बचाव दल को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है.मुश्किल हालात, जद्दोजहद जारीः जी.बी.आर. मिशन ने सुरंग में फंसे सभी 8 लोगों की पहचान कर ली है।

सवाल — आप विधायक कुलदीप कुमार ने बीजेपी से पूछा ये सवाल

# दिल्ली की महिलाओं के खाते में कब आएंगे 2500 रुपये?

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के विधायक कुलदीप कुमार ने रविवार को भाजपा पर दिल्ली की महिलाओं को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि भाजपा इस चुनावी वादे को पूरा करने में विफल रही। कुलदीप ने इसे महिलाओं के साथ धोखा बताया है। कोंडली विधानसभा क्षेत्र से विधायक कुलदीप कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में अपनी चुनावी रैलियों के दौरान भरोसा दिलाया था कि नयी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में वित्तीय सहायता योजना पारित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा



सरकार ने आठ मार्च तक योजना शुरू करने का वादा किया था, लेकिन उसने अब तक इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया है। कुमार ने कहा, 'यह (प्रस्ताव) पहली कैबिनेट बैठक में पारित नहीं हुआ। हमने सोचा कि अगर कैबिनेट में नहीं, तो विधानसभा सत्र में पारित हो जाएगा। लेकिन इस मुद्दे पर ध्यान देने के बजाय भाजपा नेताओं ने पूरा सत्र अरविंद केजरीवाल को गाली देने में बिता दिया। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।' 'आप' विधायक ने कहा कि भाजपा को मोदी द्वारा स्वयं निर्धारित की गई समयसीमा याद होनी चाहिए और दावा किया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली ने तय कर लिया है कि वह महिलाओं से किए गए प्रधानमंत्री के वादे को तोड़ेंगी। उन्होंने कहा, 'आप ने आठ मार्च (अंतरराष्ट्रीय महिला

कुमार ने कहा, 'यह (प्रस्ताव) पहली कैबिनेट बैठक में पारित नहीं हुआ। हमने सोचा कि अगर कैबिनेट में नहीं, तो विधानसभा सत्र में पारित हो जाएगा। लेकिन इस मुद्दे पर ध्यान देने के बजाय भाजपा नेताओं ने पूरा सत्र अरविंद केजरीवाल को गाली देने में बिता दिया। उन्होंने दिल्ली की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।'

दिवस) की तारीख नहीं दी थी। भाजपा और प्रधानमंत्री ने यह तारीख दी थी। अब रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों से किए गए प्रधानमंत्री के वादे को तोड़ने पर आमादा है।' दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा ने शहर की महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह देने का वादा किया था, जबकि 'आप' ने 2,100 रुपये की पेशकश की थी। भाजपा ने चुनावों में दिल्ली विधानसभा की 70 में से 48 सीटें जीत लीं।




## सम्पादकीय

# अमर्यादित कूटनीति, यूक्रेन के हित की अनदेखी कर ट्रंप ने थोपी मनमर्जी?

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात की दुनिया में चर्चा हो रही है। मीडिया के सामने चर्चा के दौरान अचानक ट्रंप और जेलेंस्की के बीच तकरार हो गई। इस मुलाकात को लेकर ट्रंप का रवैया भी हैरान करने वाला रहा।ट्रंप की यूक्रेन के हित की अनदेखी को अमर्यादित कूटनीति कहा जा रहा है। व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जैसी तीखी तकरार मीडिया और विशेष रूप से टीवी कैमरों के सामने हुई, उसकी मिसाल मिलना कठिन है। इस तकरार को अमर्यादित कूटनीति का शर्मनाक नमूना ही कहा जाएगा। व्हाइट हाउस में जो कुछ हुआ और खासकर अमेरिकी राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति ने यूक्रेन के राष्ट्रपति को जिस तरह खरी-खोटी सुनाई, वह कल्पना से परे है। अमेरिकी राष्ट्रपति के सहयोगी भले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति से माफी की मांग कर रहे हों, लेकिन सच यह है कि अपमान यूक्रेनी राष्ट्रपति का हुआ। उन्हें न केवल व्हाइट हाइस का दरवाजा दिखा दिया गया, बल्कि यह भी कह दिया गया कि यदि उन्हें अमेरिकी शर्तें स्वीकार हों तो वह लौटकर आ सकते हैं। आखिर यह यूक्रेन के हितों की अनदेखी कर उस पर अपनी मनमर्जी थोपना नहीं तो और क्या है ? सभी इससे परिचित हैं कि ट्रंप बड़बोले एवं अलग शैली वाले नेता हैं और अपने दूसरे कार्यकाल में वह अमेरिका के साथ दुनिया की समस्याओं को आनन-फानन सुलझाना चाहते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह अपनी ही चलाएं। जब उन्होंने सबके सामने जेलेंस्की की जायज चिंताओं को भी सुनने-समझने से इन्कार कर दिया और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को मूर्ख तक कह दिया, तब यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि बंद कमरे में वह अन्य शासनाध्यक्षों के साथ किस तरह पेश आते होंगे ? यह ठीक है कि अमेरिका सबसे शक्तिशाली राष्ट्र है, लेकिन उसके राष्ट्रपति का इतना अहंकारी और अक्खड़ होना ठीक नहीं वैसे तो ट्रंप और जेलेंस्की के बीच बात तब बिगड़ी, जब अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस ने दखल दिया, लेकिन चूक यूक्रेन के राष्ट्रपति से भी हुई। यदि वह खनन समझौते के लिए ट्रंप से मिलने आए थे तो युद्ध विराम के मसले पर चर्चा के पहले उन्हें यह आभास होना चाहिए था कि अमेरिकी राष्ट्रपति का इरादा क्या है ? उनका यह इरादा किसी से छिपा नहीं कि वह यूक्रेन को और अधिक सहायता देने के लिए तैयार नहीं। लगता है कि जेलेंस्की अपनी अनुभवनहीनता के चलते बिगड़ती बात संभाल नहीं सके। उन्हें इससे भली तरह परिचित होना चाहिए था कि ट्रंप रूस-यूक्रेन टकराव रोकने की जल्दी में हैं और वह इस युद्ध के लिए रूस से ज्यादा यूक्रेन के रवैये को जिम्मेदार ठहराते चले आ रहे हैं।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष :** आज भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अतिविश्वास न करें। प्रमाद न करें। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

**वृष :**वृष आज कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। समय का लाभ लें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। कानूनी बाधा आ सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन :**आज ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। जल्दबाजी न करें। कष्ट, भय, चिता व बेचैनी का वातावरण बन सकता है। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क :**आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है। तनाव रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। राज्य के प्रतिनिधि सहयोग करेंगे।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा।

**कन्या :**आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेचैनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। थकान महसूस होगी। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**तुला:** आज स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। जोखिम न उठाएं। घर-बाहर असहयोग मिलेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। आय में कमी हो सकती है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :**आज रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी।

**धनु :**आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मकर :**आज शत्रु नतमस्तक होंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ :** आज आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलेगी। तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी के व्यवहार से क्लेश हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।


**मीन :**आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा।

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# महाकुंभ का संदेश, भीड़ नियंत्रण के ठोस उपायों पर हो मंथन

> 45 दिनों तक चले प्रयागराज महाकुंभ का समापन हुआ। इस अवधि में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। 144 साल बाद आए इस विशेष महाकुंभ का साक्षी बनने के लिए देश दुनिया से लोग प्रयागराज आए। महाकुंभ ने जहां आस्था का नया शिखर स्पर्श किया वहीं यह भी बताया कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में लोग और बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे।

पौष पूर्णिमा के दिन से शुरू हुआ महाकुंभ शिवरात्रि को संपन्न हो गया। इस बार महाकुंभ में संगम पर जिस तरह अपार जन समूह ने स्नानकर अपने को धन्य किया, उसकी अपेक्षा किसी को नहीं थी। उत्तर प्रदेश सरकार का आकलन है कि 65 करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में सम्मिलित हुए। इतने बड़े जनसमूह का 45 दिनों की अवधि में एक स्थान पर आकर एकत्रित होने से जहां एक कीर्तिमान स्थापित हुआ, वहीं इस बात को भी बल मिला कि भारत के लोगों को उस दैवीय शक्ति पर अगाध श्रद्धा है, जो मनुष्य को प्रेरित करती है कि वह ऐसे अवसरों पर आगे आकर जीवन के रहस्यों से परिचित हो और अपनी आध्यात्मिक भूख शांत करे। यह स्वाभाविक ही है कि लोग कुंभ को दैवीय कृपा का आशीर्वाद मानते हैं। भारतीय संस्कृति में कुंभ का विशेष महत्व है। इसका उल्लेख हमारे शास्त्रों में भी मिलता है। कुंभ मेले का आयोजन हिंदू धर्म की सबसे प्राचीन परंपराओं में से एक है। कुंभ के आयोजन के पीछे पौराणिक और धार्मिक कारण ही नहीं, खगोलीय कारण भी हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार देवताओं और असुरों ने अमृत प्राप्त करने के लिए समुद्र मंथन किया। इस मंथन के समय अमृत का एक कुंभ यानी कलश निकला। यह असुरों के हाथ लग गया, जिसे बचाने देवता आगे आए। इसी क्रम में अमृत की कुछ बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नाशिक में गिरीं। इन चारों स्थानों को पवित्र मानकर यहां नदियों के तट पर कुंभ मेले का आयोजन होने लगा। कुंभ का भव्य आयोजन नाशिक, उज्जैन



और हरिद्वार में भी होता है, लेकिन तीर्थराज प्रयागराज के कुंभ की महत्ता कहीं अधिक है। इसका एक कारण यह है कि प्रयागराज में गंगा, यमुना के साथ अदृश्य सरस्वती का मिलन होता है। भले ही सरस्वती अदृश्य हो, लेकिन उसके अस्तित्व के प्रति भारतीयों की आज भी दृढ़ आस्था है। यही आस्था करोड़ों लोगों को कुंभ की ओर आकर्षित करती है और बिना किसी बुलावे के। कुंभ साधु-संतों और भक्तों के मिलन का एक बड़ा केंद्र बनता है। कुंभ आध्यात्मिक ज्ञान का केंद्र ही नहीं बनता, बल्कि वह सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम भी बनता है। इसके अतिरिक्त वह सामाजिक समरसता का भी परिचायक होता है। आजादी के पहले भी संतझमहात्माओं के साथ कुंभ पर जन समूह एकत्रित होता था, लेकिन जैसे-जैसे आवागमन की सुविधाएं बढ़ीं, लोगों ने कुंभ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना शुरू किया। यहां आने वालों के बीच कहीं कोई भेद नहीं रहता। इस बार का कुंभ खगोलीय विशिष्टताओं के कारण महाकुंभ कहलाया और इसीलिए इसमें देश के हर कोने और यहां तक कि दुनिया के अनेक हिस्सों से लोग आए। उत्तर प्रदेश सरकार का आकलन था कि महाकुंभ में लगभग 40 करोड़ लोग आएंगे, लेकिन इस अनुमान से कहीं अधिक 65 करोड़ से ज्यादा लोग प्रयागराज आए। बहुत से लोगों ने इस कौतूहल के कारण भी हिस्सा लिया कि आखिर इतना बड़ा जनसमूह महाकुंभ क्यों पहुंच रहा है जहां प्रधानमंत्री मोदी और अन्य अनेक लोग महाकुंभ को भारतीय एकता का कुंभ कह रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसकी विवेचना इस तरह कर रहे हैं कि यह प्रकृति का दर्शन है और कुंभ जाकर हम पृथ्वी पर जीवनदायी सबसे अहम स्रोत-जल का नमन करते हैं। हिमालय की बर्फ हो या मानसून की वर्षा, प्रकृति ने भारतीय उपमहाद्वीप को जल से विभूषित किया है। कुंभ जल स्रोतों की महत्ता का भी परिचायक है। हम भारतीयों को यह याद रखना होगा कि जल स्रोतों का शुद्ध रहना बहुत जरूरी है। आज हमारी नदियां प्रदूषित हो चुकी हैं। महाकुंभ में तीर्थयात्रियों को प्रदूषित जल में स्नान न करना पड़े, इसके लिए प्रशासन ने कड़े जतन किए। इस पर कुछ राजनीति भी हुई कि स्नान के आखिरी दिनों में जल प्रदूषित हो रहा था। कई लोगों ने इसे मुद्दा भी बनाया, पर उनकी आवाज को आस्था के सैलाब ने अनसुनी कर दी। अब जब महाकुंभ समाप्त हो गया है औ करोड़ों लोगों ने जिस जल को नमन कर प्रकृति का आशीर्वाद लिया, उसे गंगा-यमुना के साथ अन्य नदियों को शुद्ध रखने की जिम्मेदारी उठानी होगी। हम भारतीयों ने नदियों के साथ अन्य जल स्रोतों को जिस तरह अशुद्ध किया है, वह किसी से छिपा नहीं। वैसे तो जल स्रोतों को शुद्ध रखने की जिम्मेदारी सरकार की है और उसे ऐसे आधारभूत ढांचे का निर्माण करना चाहिए कि जलस्रोत प्रदूषित होने से बचें, पर सरकारों के साथ आम लोगों को भी जलस्रोतों को साफ रखने में बरती जा रही कोताही को दूर करने के लिए आगे आकर बीड़ा उठाना चाहिए। जनसहयोग के बिना जल स्रोतों को शुद्ध रखना कठिन होगा। यह एक ऐसा काम है, जिसमें सरकारों को जनता का सहयोग चाहिए ही। प्रयागराज में इतने विशाल जनसमूह के एक जगह एकत्रित होने और वहां करोड़ों लोगों के पहुंचने के क्रम में कुछ दुर्घटनाएं भी हुई। इनसे बचा जा सकता था। इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जितना तत्पर सरकार को रहना था, उतना ही आम लोगों को भी। लोगों को अनुशासित रहकर शासन द्वारा जो व्यवस्था की जा रही हो, उसका पालन करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। औसत भारतीयों में यह एक कमी है कि अनुशासन के मामले में वे कोताही बरतते हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ती है। महाकुंभ में संगम तट पर और दिल्ली में रेलवे स्टेशन पर जो दुर्घटनाएं हुईं, उनमें व्यवस्था की कमी के साथ यह भी सामने आया कि लोगों ने अनुशासन का परिचय नहीं दिया। इतने बड़े जन समूह को नियंत्रित करने के लिए जो मानक अपनाने चाहिए, उनकी समीक्षा की जानी चाहिए और आगे आने वाले इस तरह के विशाल आयोजनों में भीड़ नियंत्रण के ठोस उपाय किए जाने चाहिए। इसलिए और भी अधिक, क्योंकि महाकुंभ ने जहां आस्था का एक नया शिखर स्पर्श किया, वहीं यह भी बताया कि भविष्य में ऐसे आयोजनों में लोग और बढ़चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों में भागीदारी करने की जो चाहत भारतीय जनमानस दिखा रहा है, वह और बढ़ेगी। महाकुंभ के आयोजन को सफल करने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जहां उत्तर प्रदेश शासन पूरी प्रतिबद्धता से लगा रहा, वहीं प्रयागवासियों का भी धन्यवाद देना चाहिए, क्योंकि उनके आतिथ्य से ही यह महापर्व संपन्न हो पाया।

# प्रगति के पैमानों की अलग-अलग अवधारणाएं ग्रीन या डिजिटल इंडिया

**संजीव ठाकुर**

किसी भी देश के विकास तथा प्रगति के अलग-अलग मापदंड एवं अवधारणाएं हैं भारत 1947 को स्वतंत्रता के बाद से ही पंचवर्षीय योजनाओं के लागू होने के साथ-साथ विज्ञान टेक्नोलॉजी उद्योग और आर्थिक योजनाओं के विकास के साथ-साथ कृषि के विकास पर भी ज्यादा से ज्यादा ध्यान देता आया है। परिणामस्वरूप आज 76 वर्ष के बाद भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दौड़ में शामिल हो चुका है। अब भारत के सामने पर्यावरण बचाने, कृषि तथा उद्योगों को बचाने के लिए नई-नई समस्याएं सामने आ रही हैं. अब भारत के सामने विकास के लिए डिजिटल भारत चाहिए या पर्यावरण बचाने के लिए ग्रीन भारत, इस पर भारत में वैज्ञानिकों,चिंतकों और राजनीतिज्ञों के मध्य गहन विचार विमर्श चल रहा है पर भारत के उदारवादी दृष्टिकोण और निजीकरण के युग में विकास की अवधारणा के बारे में जब भी चर्चा होती है तब स्वाभाविक तौर पर विकास के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत परिचर्चा का पदार्पण होता है। विकास प्राप्ति है या साधन है और विकास की संपूर्ण अवधारणा क्या है इस पर एक स्वस्थ बहस की आवश्यकता हैह निसंदेह विकास परिवर्तन की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक बदली हुई परिणति ही है, परिवर्तन अथवा विकास के सामने समतामूलक न्याय पूर्ण तथा संपूर्ण समावेशी प्रयासों को मजबूत करने की बात कही गई है और भारत सरकार ने इस पर अपनी आस्था व्यक्त की है , इसी विचार के साथ भारत ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देने का प्रयास किया है भारत को हरित भारत के लक्ष्य को स्वीकार भी किया है। विभिन्न जीव जंतुओं को बचाना तथा वन के परीक्षेत्र को 33% लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही है ।वही दूसरी तरफ मरुस्थल




बनने से धरा को रोकने के प्रयास और जैव विविधता को सुरक्षित रखने का लक्ष्य की भारत में प्रगति कर रहा है जलवायु परिवर्तन से भारत को जितना नुकसान हो रहा है इतना किसी भी अन्य देश को नहीं हो रहा है। इसी कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधनों के वितरण प्रकार और गुणवत्ता को जलवायु परिवर्तन से बचाने का प्रयास भी शामिल है ।भारत में इसी संदर्भ में ग्रीन इंडिया जैसी अवधारणा को आत्मसात किया है ग्रीन इंडिया तथा परिस्थितिकी सुधार को संरक्षण दिया है उसमें केंद्र व राज्य सरकारों ने मिलकर एक दशक के लिए लगभग 40, हजार करोड़ रुपए के खर्च होने का अनुमान भी दशार्या है। सरल शब्दों में ग्रीन इंडिया मिशन को जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता को अंदर से देखा जाए उसमें कारबन में कटौती तथा परिस्थिति तंत्रों में मजबूती लाने का प्रयास किया जाएगा ,इसके अंतर्गत बंजर वाली भूमि पर 50 लाख हेक्टेयर पर पेड़ लगाना और 50 लाख हेक्टेयर जमीन पर बढ़ते हुए वनों का संरक्षण भी शामिल है। जिसके फलस्वरूप 30 लाख परिवारों को रोजगार मुहैया कराना साथ ही 50 से 60 लाख तन तक कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया। इस तरह ग्रीन इंडिया में भारी भरकम बजट खर्च करने की परियोजना तैयार की गई है ।निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान को इस योजना से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि डिजिटल इंडिया की बात करें तो ज्ञान के आधारित अर्थव्यवस्था मैं सुधार डिजिटल पद्धति से ही लाया जा सकता है। भारत देश जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक भी दिखाई देता है। डिजिटल विकास के पास भारत देश में दीमक की तरह फैले हुए भ्रष्टाचार को भी रोका जा सकता है। बिचौलियों की उपस्थिति को भी चुनौती दी जा सकती है वैसे डिजिटल इंडिया प्रशासन सब प्रशासन को काफी मददगार साबित होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में समस्त कार्य प्रणाली पेपर रहित हो गए है डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ कार्य किए जाए तो समय के साथ अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाई जा सकती है। भारत सरकार ने अनेक विकास के पैमानों को ध्यान में रखते हुए और अनेक विसंगतियों को दूर करने के इरादे से डिजिटल मिशन के तहत ई गवर्नेंस ब्रॉडबैंड हाईवे, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल, हॉस्पिटल एप स्वच्छ भारत मोबाइल ऐप, डिजिटल लॉकर जैसी सुविधाएं शुरू कर चुका है। आज सारी कार्य करा लिया मोबाइल ऐप तथा कंप्यूटर इंटरनेट से पूरी की जा रही है वहीं दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय अपनी कार्यसूची में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है और यह अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलनों में भी साबित हो चुका है जिसमें विश्व के शीर्ष नेतृत्व करने वाले देश पर्यावरण की समस्याओं के समाधान के संदर्भ में सकारात्मक प्रयासों की तरफ अग्रसर हैं। स्वच्छ वातावरण और पर्यावरण मनुष्य की मूल आवश्यकता है क्योंकि मनुष्य बिना हवा, स्वच्छ पानी या स्वच्छ पर्यावरण के जिंदा नहीं रह सकता है। ऐसे में विकास के ग्रीन इंडिया तथा डिजिटल इंडिया के दोनों पैमानों पर सतत विकास कर भारत को आगे बढ़ना होगा।

# उच्च शिक्षा में महिलाओं का योगदान

**विजय गर्ग**

महिलायें आज अकादमिया या शिक्षा, मीडिया, स्वास्थ्यरक्षा, सशस्त्र बलों व अन्य अनेक क्षेत्रों में सामने आ कर नेतृत्व कर रही हैं। पहले महिला नेतृत्व को स्वीकार करने की तुलना में आज देश में व्यापक परिवर्तन आया है। भारतीय उच्च शिक्षा परिदृश्य भी मजबूत महिला-नीत बल के कारण बदल रहा है। उन्होंने देश की प्रगति की नीव डाली है, सामाजिक-आर्थिक प्रगति के अवसर खोले हैं, तथा आत्मनिर्भरता व जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि की है। कहने की आवश्यकता नहीं कि 'विकसित भारत की यात्रा में महिला सशक्तीकरण हेतु शिक्षा आवश्यक है। शिक्षित महिलायें परिवर्तन लाती हैं, परिवारों को ऊपर उठाती हैं, समुदायों को मजबूत करती हैं तथा राष्ट्रीय प्रगति सुनिश्चित कर भावी पीढ़ियों पर स्थाई प्रभाव छोड़ती हैं।

जहां तक नेतृत्व का सवाल है, आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय उच्च शिक्षा में पुरुष प्रभुत्व बना हुआ है, हालांकि महिलायें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। 2021 में भारतीय उच्च शिक्षा में महिला नेतृत्व केवल 9.55 प्रतिशत था, जबकि पुरुष 89.57 प्रतिशत नेतृत्व दे रहे थे। इससे अकादमिक नेतृत्व में महिलाओं का नेतृत्व अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। यदि हम भारत की तुलना अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य से करें तो व्यापक कमी सामने आती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैश्विक सर्वोच्च 200 विश्वविद्यालयों में से 25 प्रतिशत का नेतृत्व महिलायें कर रही हैं। अच्छी खबर है कि यह तस्वीर तेजी से बदल रही है। और खासकर पिछले कुछ साल में बदली है।

अतीत में भी देश ने अनेक दूरदर्शी महिला नेताओं को देखा है जिनमें सावित्रीबाई फुले जैसी समाजसुधारक हैं। जिन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिल कर भारत में 1948 में लड़कियों का पहला स्कूल स्थापित किया था और इस प्रकार महिला शिक्षा तथा सामाजिक न्याय की पैरोकारी की थी। उच्च शिक्षा में महत्वपूर्ण परिवर्तन करने वाली अन्य उल्लेखनीय व व्यावहारिक महिला नेताओं में 'लवली प्रोफेशनल युनिवर्सिटी' की प्रो-चांसलर सुश्री रश्मि मित्तल तथा 'नोयडा इंटरनेशनल युनिवर्सिटी' की उप- कुलपति डा. उमा भारद्वाज, 'चित्कारा युनिवर्सिटी' की प्रो- चांसलर डा. मधु चित्कारा शामिल हैं। 42 साल के व्यापक अनुभव वाली उच्च शिक्षा उद्यमी डा. चित्कारा ने एक सफल विश्वविद्यालय बनाया है।

दिल्ली-एनसीआर में 'शिव नाडार युनिवर्सिटी' की उप-कुलपति डा. अनन्या मुखर्जी के संस्थान को 'इंस्टीट्यूशन आफ इमीनेंस' माना गया है। इसके साथ ही बिजनेस और उद्यमिता के क्षेत्र में महिला नेताओं ने उभरते भारतीय युवाओं को प्रेरणा दी है। इनमें किरन मजूमदार शा तथा इंदिरा नूई खासतौर से उल्लेखनीय महिला नेता हैं जिन्होंने खोज एवं समावेशी परिवेशों से भारतीय उच्च शिक्षा में बदलाव किए हैं। नेतृत्वकारी स्थितियों में ज्यादा महिलाओं से विविधता प्रोत्साहित होगी तथा अकादमिक क्षेत्र को नए आयाम मिलेंगे। अपने प्रयासों से वे भारत में भावी पीढ़ियों को ज्यादा प्रगतिशील और समतापूर्ण शिक्षा परिदृश्य विकसित करने की प्रेरणा दे रही हैं।हालांकि, महिलाओं को अकादमिक क्षेत्र में अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिनमें एक ओर सामाजिक पूर्वाग्रह तथा दूसरी ओर संस्थानों में पैदा बाधायें शामिल हैं। अनेक महिलायें अब भी अपने खिलाफ अनेक पूर्वाग्रहों का सामना कर रही हैं जिनका संबंध खासकर परंपरागत क्षेत्रों में नेतृत्व की उनकी क्षमता से है। महिलाओं को 'सेंटर' प्राप्त करने तथा अपनी पेशेवर प्रगति के लिए नेटवर्क बनाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। दुनिया भर में महिला नेताओं के लिए मुख्य मुद्दों में 'वर्क-लाइफ बैलेंस' तथा वरिष्ठ नेतृत्वकारी स्थितियों में कम उपस्थिति है।

## तीसरा बच्चा नहीं चाहता था निर्दयी पिता, पालने की रस्सी से 4 महीने की बेटी को उतारा मौत के घाट, दहल गई मुंबई

- मुंबई के घाटकोपर में एक हत्यारे पिता ने अपनी ही 4 महीने की बेटी की हत्या कर दी। इस पिता ने अपनी छोटी बच्ची को पालने की रस्सी से गला घोंटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई के घाटकोपर इलाके से एक भयावह घटना सामने आई है। घाटकोपर के कामराज नगर में एक पिता ने अपनी चार महीने की बेटी को पालने में ही मार डाला। क्योंकि वह तीसरा बच्चा नहीं चाहता था। इस पिता ने अपनी बच्ची का गला उसी रस्सी से घोंट दिया जिसे वह पकड़े हुए थी। इस घटना ने पूरी मुंबई को हिलाकर रख दिया है। इस मामले में आरोपी पिता संजय कोकरे को पंतनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना से बच्चे की मां को गहरा सदमा लगा है। अपनी मासूम बच्ची, जिसने अभी तक दुनिया भी ठीक से नहीं देखी थी, को खोने का दर्द असहनीय है।इस मामले में पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिता संजय कोकरे ने बेटी होने की नफरत के कारण और तीसरा बच्चा नहीं चाहने के कारण अपनी चार महीने की बेटी की हत्या कर दी। चार महीने की बच्ची श्रेया अपने पालने में सो रही थी। उस समय उसकी मां किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी। फिर उसके पिता ने उसे मार डाला। इस अपराध से स्थानीय निवासी स्तब्ध हैं।दरअसल शनिवार को जब श्रेया पालने में सो रही थी, उसकी मां किसी काम से बाहर गई थी। तभी संजय कोकरे ने मौके का फायदा उठाकर बच्ची का उसी पालने की रस्सी से गला घोंट दिया जिसमें वह सो रही थी। इस क्रूर पिता ने अपनी बेटी को तब मार डाला जब वह उसकी गोद में ही थी। कुछ समय बाद जब बच्चे की मां घर आई तो उसने देखा कि बच्चा बिल्कुल भी हिल नहीं रहा था।

## यह घटिया हरकत...केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी से छेड़खानी-वीडियो पर बोले सीएम फडणवीस

### सीएम फडणवीस ने कहा, सख्त कार्रवाई की जाएगी

- 28 फरवरी को संत मुक्ताई की यात्रा में की छेड़खानी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के जलगांव में धार्मिक यात्रा के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की नाबालिग बेटी के साथ छेड़खानी की घटना पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया दी है। फडणवीस ने रायगढ़ के महाड में कहा कि आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। फडणवीस ने कहा कि कुछ पार्टी पदाधिकारी हैं जिन्होंने ऐसा किया है। यह घटिया हरकत है, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। उन्हें माफ नहीं किया जा सकता और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। तो वहीं दूसरी तरफ केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी की छेड़खानी पर राज्य की राजनीति गरमा गई है। नाबालिग बेटी के दादा एकनाथ खडसे ने की प्रतिक्रिया भी सामने आई है।सूत्रों के अनुसार राज्य में महिला सुरक्षा की स्थिति को लेकर एकनाथ खडसे के साथ शरद पवार भी नाराज हैं।

### कब क्या हुआ?

जलगांव की मुक्ताईनगर पुलिस के अनुसार 28 फरवरी को मुक्ताईनगर तालुका के कोथली गांव में एक यात्रा थी। मुक्ताईनगर शहर के अनिकेत घुई और उसके 6 दोस्त इस यात्रा में शामिल थे। इसी यात्रा में अनिकेत घुई और उसके दोस्तों ने तीन-चार लड़कियों का पीछा किया और उनके साथ छेड़छाड़ की। इसलिए हमने पीछा करने, छेड़छाड़ करने और ढडउरड एक्ट के साथ-साथ कळ एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमें भेजी गई हैं। मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी के अनुसार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा अन्य की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। मामले में कार्रवाई के लिए खुद केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे थाने पहुंची थीं। डिप्टी एसपी ने कहा कि पुलिस किसी के दबाव में नहीं है।

### क्या बोलीं रक्षा खडसे?

केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रक्षा खडसे ने रविवार को कुछ लड़कों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया गया कि उन्होंने महाराष्ट्र के जलगांव में संत मुक्ताई यात्रा के दौरान उनकी नाबालिग बेटी और अन्य लड़कियों को परेशान किया। रक्षा खडसे ने कहा कि हर साल महाशिवरात्रि के अवसर पर इस क्षेत्र में संत मुक्ताई यात्रा निकाली जाती है। दो दिन पहले मेरी बेटी यात्रा पर गई थी। कुछ युवकों ने उसे परेशान किया।

फास्ट ट्रैक

## महाकुंभ में शामिल न होने पर उद्धव से सवाल पूछने को लेकर संजय राउत ने शिंदे की आलोचना की

महाकुंभ में शामिल न होने के लिए शिंदे द्वारा शिवसेना प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधे जाने को लेकर राउत ने कहा, 'शिंदे को यह सवाल सबसे पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से पूछना चाहिए। अगर भागवत एक हिंदू होने के नाते कुंभ में डुबकी लगाने नहीं गए, तो फिर उद्धव ठाकरे को क्यों निशाना बनाया जा रहा है?'

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने प्रयागराज में हाल में संपन्न हुए महाकुंभ में उद्धव ठाकरे के स्नान नहीं करने पर सवाल उठाने को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर रविवार को निशाना साधा। राउत ने संवाददाताओं से बात करते हुए शिंदे की राजनीतिक सूझबूझ की भी आलोचना की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उपमुख्यमंत्री को सवाल पूछने का प्रशिक्षण देना चाहिए। राज्यसभा सदस्य ने दावा किया कि शिंदे की गलतियों के कारण उद्धव ठाकरे से ज्यादा भाजपा और उसके नेता बेनकाब हो रहे हैं। शिंदे नीत शिवसेना राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ महायुति का हिस्सा है। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित किया गया था। महाकुंभ में शामिल न होने के लिए शिंदे द्वारा शिवसेना (उबाठा) प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर निशाना साधे जाने को लेकर राउत ने कहा, शिंदे को यह सवाल सबसे पहले आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक प्रमुख) प्रमुख मोहन भागवत से पूछना चाहिए। अगर भागवत एक हिंदू होने के नाते कुंभ में डुबकी लगाने नहीं गए, तो फिर उद्धव ठाकरे को क्यों निशाना बनाया जा रहा है ?राउत ने यह भी कहा कि उन्होंने आरएसएस संस्थापक डॉ. के बी हेडगेवार या संघ के पूर्व प्रमुखों एम एस गोलवलकर, बालासाहेब देवरस, रज्जू भैया और के. सुदर्शन के किसी भी कुंभ में शामिल होने की तस्वीरें कभी नहीं देखीं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि (हिंदुत्व विचारक) विनायक दामोदर सावरकर भी कभी (कुंभ मेले) में नहीं गए।राउत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, क्या मोदी प्रधानमंत्री बनने से पहले कभी किसी कुंभ में गए थे? यह केवल प्रचार का हथकंडा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के दौरान संगम में डुबकी लगाई थी। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पिछले महीने महाकुंभ में गए थे, लेकिन उनके कितने कैबिनेट सहयोगी या (भाजपा) विधायक वहां गए। शिवसेना (उबाठा) नेता ने कहा, ऐसे मुद्दों को छोड़ दें।इस बीच, राउत ने शिवसेना (उबाठा) के मुखपत्र ह्यसामनाह्ण में अपने साप्ताहिक स्तंभ ह्यरोकठोकह्ण में रविवार को दावा किया कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 22 फरवरी की सुबह पुणे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मुख्यमंत्री फडणवीस की शिकायत की। उन्होंने दावा किया कि यह बैठक पुणे के कोरेगांव पार्क स्थित एक होटल में हुई और 57 विधायकों के नेता शिंदे को शाह से मिलने के लिए सुबह चार बजे तक जागना पड़ा।राउत ने कहा, उन्होंने (शिंदे ने) शाह से शिकायत की कि नयी सरकार में उन्हें उनका हक नहीं दिया जा रहा और पिछली सरकार में मुख्यमंत्री के तौर पर उनके द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को पलटा जा रहा है। राउत ने दावा किया कि शिंदे शिवसेना का भाजपा में विलय कर फिर से मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। शिंदे ने जून 2022 में उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था, जिसके कारण महा विकास आघाडी सरकार गिर गई और (तत्कालीन अविभाजित) शिवसेना में विभाजन हो गया।फडणवीस की शिकायत करने के लिए शिंदे के अमित शाह से मुलाकात करने के दावे के बारे में पूछे जाने पर राउत ने संवाददाताओं से कहा, शिंदे को सार्वजनिक रूप से इस बात को नकारना चाहिए कि उन्होंने शाह से मुलाकात की और उन्हें पहेलियों में बात करने के बजाय अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उन्होंने कहा, यहां तक ??कि फडणवीस को भी पता है कि शिंदे ने शाह से क्या कहा और उन्होंने फडणवीस के खिलाफ शाह से क्या शिकायत की।यह पूछे जाने पर कि उन्हें बैठक के बारे में यह बात कैसे पता चली, राउत ने कहा, वरिष्ठ नेता हमेशा यह सुनिश्चित करते हैं कि ऐसी बातें तब सामने आएं।

## नितेश राणे के बयान पर भड़की उद्धव ठाकरे की पार्टी, कानूनी नोटिस भेजकर दिए 15 दिन, आगे राज्यपाल के पास जाने की तैयारी

- नितेश राणे के बयान पर शिवसेना यूबीटी ने भेजा नोटिस
- विनायक राउत की तरफ से भेजा गया मंत्री को नोटिस
- 15 दिन मंत्री नितेश राणे को जवाब देने के लिए कहा गया



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्री और बीजेपी नेता नितेश राणे को लेकर नया विवाद खड़ा हो सकता है। नितेश राणे के एक बयान पर उद्धव ठाकरे की पार्टी ने कानूनी नोटिस भेजी है।यह नोटिस शिवसेना नेता एवं पूर्व सांसद विनायक राउत के वकील असीम सरोदे की तरफ से भेजा गया है। इसमें कहा गया है कि नितेश राणे संविधान के अनुच्छेद 164(3) के अनुसार मंत्री पद की शपथ लेते समय अपने संवैधानिक कर्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं, जो उन्हें निभाना चाहिए। मत्स्य पालन एवं बंदरगाह विकास मंत्री राणे ने 13 फरवरी को सिंधुदुर्ग जिले के कुडाल में बीजेपी की रैली का आयोजन किया। इस सभा में बोलते हुए उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आने वाले दिनों में चाहे जिला योजना निधि हो, पार्टी निधि हो या कोई भी सरकारी निधि हो, वह केवल महायुति के कार्यकताओं को ही मिलेगी, किसी और को नहीं।

### राणे के बयान पर विवाद

राणे ने यह भी कहा कि मैं आपको पहले ही बता रहा हूं कि मैं उन गांवों को एक भी रुपया नहीं दूंगा जहां सरपंच या उद्धव बालसाहेब ठाकरे और महाविकास अघाड़ी के पदाधिकारी हैं। अगर किसी को गांव का विकास करना है तो महायुति में शामिल होकर ही काम करना होगा, अन्यथा विकास नहीं होगा। विनायक राउत के वकील एडवोकेट ने बताया कि यह नोटिस इसलिए भेजा गया है क्योंकि एक मंत्री द्वारा इस तरह का भेदभावपूर्ण और घृणास्पद बयान देना असंवैधानिक है और यह संविधान और लोगों का अपमान है। नोटिस में सवाल किया गया है कि क्या नितेश राणे मंत्री के रूप में ली गई अपनी संवैधानिक शपथ को भूल गए हैं कि वे किसी के प्रति कोई द्वेष, घृणा या विशेष स्नेह रखे बिना सभी नागरिकों के लिए काम करेंगे?

### विनायक राउत ने भेजी नोटिस

पूर्व सांसद विनायक राउत ने एक नोटिस के माध्यम से यह सवाल उठाया है। पूर्व सांसद विनायक राउत ने कहा कि वह नितेश राणे को कानूनी नोटिस भेज रहे हैं क्योंकि वह लोकतंत्र को कुप्रबंधन की ओर ले जा रहे हैं और महाराष्ट्र की राजनीति में गलत रास्ता बना रहे हैं। इससे पहले नितेश राणे ने लोकसभा चुनाव से पहले सरपंचों की एक सभा में भी ऐसा ही बयान दिया था। उस समय सार्वजनिक तौर पर धमकी दी गई थी कि जो लोग बीजेपी से नहीं हैं, जो लोग भाजपा उम्मीदवार नारायण राणे साहब को वोट नहीं देंगे, जिन गांवों से नारायण राणे को लीड नहीं मिलेगी, उन गांवों को कोई विकास राशि नहीं मिलेगी।

## एकनाथ शिंदे के एक और फैसले पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लगाया ब्रेक

### एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस में अनबन की खबरें बढ़ीं।

- फडणवीस ने शिंदे सरकार के स्वास्थ्य विभाग के टेंडर पर रोक लगाई।
- तानाजी सावंत पर बिना अनुभव के ठेका देने के आरोप लगे हैं।
- शिंदे सरकार के कई फैसलों को निलंबित करने की तैयारी है।
- स्वास्थ्य विभाग का ठेका पुणे की कंपनी को दिया गया था।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच लगातार अनबन की खबरें सामने आ रही हैं। एक के बाद एक ऐसे घटनाक्रम हो रहे हैं कि ये दूरियां बढ़ती जा रही हैं और अटकलें भी। अब एक और ऐसी ही खबर सामने आई है, जिसने महायुति सरकार में सब ठीक न होने के संकेत दिए हैं। एकनाथ शिंदे सरकार के समय लिए गए एक और निर्णय पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ब्रेक लगा दिया है।

### स्वास्थ्य विभाग का दिया था टेंडर

स्वास्थ्य विभाग के 3200 करोड़ रुपये के काम पर रोक लगाई गई है। उस वक्त तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत पर आरोप लगे थे कि बिना किसी कार्य अनुभव के एक कंपनी को मैकेनिकल साफ-सफाई का ठेका दिया गया था।

### शिंदे सरकार के कई फैसलों पर रोक

शिंदे सरकार की अनियमितताओं के खिलाफ मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने शिंदे सरकार के कई फैसलों को निलंबित कर दिया है। चर्चा है कि आने वाले दिनों में कई सारे और निर्णय भी रद्द कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत थे। उस वक्त सावंत पर अधिकारियों के तबादले, एंबुलेंस खरीदी में हजारों करोड़ रुपये के घोटाले के आरोप लगाए गए थे।

### क्या था टेंडर

स्वास्थ्य विभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप प्राथमिक केंद्रों की सफाई का काम आउटसोर्स करने पर सहमति बनी थी। इसके लिए सालाना 638 करोड़ और तीन साल के लिए कुल 3,190 करोड़ रुपये का ठेका पुणे की एक निजी कंपनी को 30 अगस्त 2024 को दिया गया था। अब उस फैसले पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ब्रेक लगा दिया है।

## पश्चिम रेलवे मुख्यालय सांस्कृतिक टीम ने अंतर रेलवे सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, पश्चिम रेलवे मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम ने इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई द्वारा हाल ही में आयोजित अंतर रेलवे सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता में शानदार नृत्य प्रदर्शन किया और दूसरा स्थान प्राप्त किया। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम ने ऊर्जावान दिवली नृत्य प्रस्तुत किया, जो गोवा का लोक नृत्य है। उनके मनमोहक और जीवंत प्रदर्शन की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय रेलवे के साथ-साथ उत्पादन इकाइयों की 18 टीमों ने भाग लिया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र ने विजेता टीम को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी तथा उन्हें संगठन के लिए और अधिक ऐसे ही पुरस्कार लाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह जीत टीम की कड़ी मेहनत, समर्पण और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति जुनून का प्रमाण है। इस जीवंत प्रदर्शन में सुकन्या नागदा, उर्वी सुकी, रुक्मिणी अय्यर, लेखाश्री मेस्त्री, दक्षा सोनवणे, गार्गी राउत, नीना मेर, राजेंद्र पाटिल, मितेश माने और विशाल कांबले शामिल थे। पश्चिम रेलवे अपने कर्मचारियों को उनकी सांस्कृतिक रुचियों को आगे बढ़ाने और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित और समर्थन करती है। यह उपलब्धि रेलवे के लिए गर्व का क्षण है और इससे अन्य लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने की प्रेरणा मिलेगी।

## जर्मनी दूतावास ने नकारा, बॉम्बे हाई कोर्ट बोला- मैरिज सर्टिफिकेट शादी का वैध सबूत

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने मैरिज सर्टिफिकेट को वैध माना

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- महिला का वीजा आवेदन जर्मनी दूतावास ने किया अस्वीकार
- स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत शादी का प्रमाण सर्टिफिकेट है



मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक आदेश में स्पष्ट किया है कि स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत जारी मैरिज सर्टिफिकेट शादी का निर्णायक और वैध सबूत है। बशर्ते सर्टिफिकेट को किसी कोर्ट और उपयुक्त ऑथारिटी ने रद्द न किया हो। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत सेठना की बेंच ने एक महिला को नए सिरे से मैरिज सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश देन से इनकार करते हुए यह साफ किया है। महिला के पति विदेश में रहते है। इसलिए उनकी शादी स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत पंजीकृत हुई थी।धारा 5 का पालन नहीं करने का दिया था हवाला जर्मनी दूतावास ने महिला के वीजा के आवेदन को इस आधार पर अस्वीकार कर दिया था, क्योंकि महिला को मैरिज सर्टिफिकेट जारी करते समय स्पेशल मैरिज ऐक्ट की धारा 5 का पालन नहीं किया गया है। उक्त धारा के तहत शादी से पहले पति अथवा पत्नी में से किसी एक को भारत में लगातार 30 दिन तक रहना जरूरी है। चूंकि महिला के मामले में धारा 5 का पालन नहीं हुआ है।इसलिए उसका सर्टिफिकेट अमान्य है। दूतावास के इस रुख के चलते महिला ने कोर्ट में याचिका दायर की थी। महिला ने याचिका में दावा किया था कि वह अक्टूबर 2024 से भारत में रह रही है। लिहाजा संबंधित अथॉरिटी को सुधारित मैरिज सर्टिफिकेट जारी करने का निर्देश दिया जाए। 'अनियमितता से विवाह अमान्य नहीं हो जाता'मामले से जुड़े दंपति का 23 नवंबर 2023 को विवाह हुआ था। बेंच ने माना कहा हमारे राय में धारा पांच के तहत विवाह से जुड़े किसी भी पक्ष द्वारा दिखाई गई अनियमितता अथॉरिटी द्वारा जारी मैरिज सर्टिफिकेट को अस्वीकार करने का आधार नहीं हो सकती है। अनियमितता से विवाह अमान्य नहीं हो सकता। बेंच ने स्पष्ट किया कि स्पेशल मैरिज ऐक्ट के तहत एक बार जब जोड़े को मैरिज सर्टिफिकेट जारी हो जाता है, तो वह विवाह का वैध और निर्णायक सबूत हो जाती है। कानून किसी व्यक्ति अथवा अथॉरिटी को मैरिज सर्टिफिकेट को खारिज करने की अनुमति नहीं देता है।

### धारा 13 का किया उल्लेख

बेंच ने कहा कि स्पेशल मैरिज ऐक्ट की धारा 13 में मैरिज सर्टिफिकेट से जुड़ा प्रावधान है। इस धारा के तहत जब ऑफिसर मैरिज सर्टिफिकेट बुक में विवाह को पंजीकृत कर लेता है ,तो मैरिज सर्टिफिकेट शादी का निर्णायक सबूत मान ली जाती है, क्योंकि सारी औपचारिकताओ को पूरा होने के बाद सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। मामले से जुड़े दंपती को जारी किया गया मैरिज सर्टिफिकेट पूरी से वैध है। इसे भारतीय कानून मान्यता देता है। इस मुद्दे पर कोई दूसरी राय नहीं हो सकती है। यह टिप्पणी करते हुए बेंच ने याचिका का निपटारा कर दिया।

भरमार — सरकार के मंत्रियों के बीच तनातनी, कई को कार्यालय नहीं मिला

## महाराष्ट्र की महायुति सरकार को घेरने के लिए मुद्दों की है भरमार

- लाडली बहनों को वादा किया गया 2100 रुपये का, लेकिन तिजोरी खाली
- धनंजय मुंडे का हत्याकांड में फंसना, विपक्ष को मुद्दा मिला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबईः महाराष्ट्र की महायुति सरकार को घेरने के लिए विपक्ष के पास मुद्दों की भरमार है, पर विपक्ष कमजोर तो हैं ही, साथ संगठित भी नहीं है जिससे कि वे सरकार को घेर सके। दूसरी ओर, सरकार अपनों से ही परेशान है। अंदर ही अंदर खूब खींचतान चल रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 100 दिनों का कार्यक्रम तो तय कर दिया, लेकिन कई सारे मंत्री अब भी ओएसडी और पीए का इंतजार कर रहे हैं। कामों को लेकर भी मंत्रियों के बीच तनातनी का आलम है। कई मंत्रियों को अब तक कार्यालय भी नसीब नहीं हुआ है। ऐसे माहौल में महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र शुरू हो रहा है।

### विधानसभा चुनाव के बाद महायुति सरकार का पहला बजट सत्र

विधानसभा चुनावों के बाद महायुति सरकार का यह पहला बजट सत्र है। चुनावों में सरकार ने वादों की झड़ी लगा दी थी। लाडली बहनों को मिलने वाली रकम को 1500 से बढ़ाकर 2100 करने का वादा किया है, जबकि सरकार की तिजोरी खाली है। सरकार की आर्थिक स्थिति यह है कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए भी कर्ज लेना पड़ रहा है। पिछले साले के बजट में सरकार ने जो फंड का प्रावधान किया था उसमें से महज 43 प्रतिशत ही खर्च पाई है। इसके बाद भी सरकार लाडली बहनों को 1500 रुपये मंथली नहीं दे पा रही है। चुनाव से पहले सरकार लाडली बहनों को एडवांस में पैसा दिया था लेकिन सरकार बनने के बाद फरवरी खत्म होने के बाद भी पैसा नहीं दिया। दूसरी ओर, लाडली बहना सरकार के वादे के मुताबिक 2100 रुपये का इंतजार है। इस बजट में वित्तमंत्री प्रावधान करेंगे क्या, इस पर सभी की नजरें टिकी है।

### मुद्दों की भरमार

महायुति सरकार की कैबिनेट में धनंजय मुंडे बीड़ के सरपंच हत्याकांड में बुरी तरह से घिर गए है। विपक्ष का तो अता पता नहीं है लेकिन सरकार के सहयोगी दल के विधायक ही मुद्दे को गर्म किए हुए हैं। कैबिनेट मंत्री माणिकराव कोकाटे को नासिक जिला कोर्ट ने सजा सुना दी है। वे ऊपरी अदालत में अपील किए हैं। वे भी सरकार की एक कमजोर कड़ी है। लाडली बहनों को पैसा नहीं दे पा रही है। किसान फसल योजना में घोटाला सामने आया है। उसमें भी कैबिनेट मंत्री धनंजय मुंडे घिरे हुए हैं। पुणे के स्वारगेट के बलत्कार के मामले ने महाराष्ट्र को हिलाकर रख दिया है। सरकार निवेश के बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन एमएमआरडी पर ही विदेशी फर्म सिस्ट्रा ने करप्शन का आरोप लगाया है। कई सारी एसआरए की योजनाओं में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। इसके अलावा राज्य की कानून व्यवस्था पर सरकार को घेरने के लिए विपक्ष के पास मुद्दों की कमी नहीं है। महाविकास आघाडी सरकार ने राज्य में शक्ति कानून को पारित किया था, लेकिन यह विधेयक पिछले चार साल से केंद्र में धूल खा रहा है, इसलिए विपक्ष इस पर भी सरकार से सवाल पूछेगा। सवाल पूछने के लिए विपक्ष तैयार नहीं दिखाई दे रहा है।

### विधायकों की संख्या से विपक्ष पस्त

महाराष्ट्र विधानसभा की कुल 288 सीटों से सरकार के साथ 232 विधायक हैं जबकि विपक्ष खेमें में महज 46 विधायक ही है, वह भी बंटे हुए है।

## नवी मुंबई म्युनिसिपल कप 40+ क्रिकेट टूनार्मेंट का रोमांचक शुभारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




नवी मुंबई , मनपा के खेल एवं सांस्कृतिक विभाग की ओर से हर साल विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। ऐसी प्रतियोगिताओं में रात्रिकालीन स्कूली विद्यार्थियों, युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिक भी भाग लेते हैं। नई मुंबई के पूर्वी गांवों और शहरी क्षेत्रों के 40 वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को क्रिकेट खेलने का अवसर प्रदान किया गया है इसमें 57 टीमों ने हिस्सा लिया है। 40+ क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-15ए, बेलापुर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेशजी नाईक ने किया। इस समय अपर आयुक्त सुनील पवार, उपायुक्त अभिलाषा पाटील, कार्यकारी अभियंता मदन वाघचौरे ,उप अभियंता पंढरीनाथ चावड़े, खेल अधिकारी रेवप्पा गुरव, 40+ क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप पाटील एवं अन्य सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर वन मंत्री नाईक ने नवी मुंबई शहर में 40+ क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से हमेशा अच्छे सामाजिक कार्य करने के लिए एसोसिएशन की प्रशंसा। 40 वर्षों बाद सभी को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए और सुखी जीवन जीना चाहिए। जितना हो सके खेलना चाहिए, टहलना चाहिए और प्रतिदिन व्यायाम, योग और प्राणायाम करना चाहिए। विशेष रूप से उन्होंने कहा कि हर तीन महीने में सभी को स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए और उसके अनुसार तत्काल उपचार लेना चाहिए। आज नवी मुंबई मनपा कप 40+ क्रिकेट प्रतियोगिता ने शहर के क्रिकेट प्रेमियों को एक बेहतरीन मंच प्रदान करने के साथ-साथ यह राय भी व्यक्त की कि सभी को जाति से ऊपर उठकर शहर के विकास में योगदान देना चाहिए। इस दौरान 28 फरवरी से 02 मार्च 2025 तक खेली जाने वाली प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## पूर्व नगर सेविका रागिनी बैरिशेट्टी भाजपा में शामिल , शिवसेना युबीटी को लगा झटका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट की पूर्व नगर सेविका रागिनी बैरीशेट्टी अपने कार्यकताओं के साथ भाजपा में शामिल हो गई हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की पहल पर आज विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे की उपस्थिति में प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। रविवार शाम को जहां शिवसेना ने यूनिटी गुट को संगठनात्मक मजबूती देने के लिए बैठक आयोजित की, वहीं दोपहर में ही भाजपा ने शिवसेना युबीटी गुट को झटका दे दिया। ठाणे मनपा में रागिनी बैरीशेट्टी शिवसेना की नगर सेविका चुनी गईं थी। शिवसेना में विभाजन के बाद उन्होंने यूनिटी गुट के साथ रहना पसंद किया। जबकि उनके पति भास्कर बैरीशेट्टी ओवला-मजीवड़ा विधानसभा क्षेत्र के उप प्रमुख के रूप में कार्यरत थे, साथ ही युवा सेना के ओवला-माजीवाड़ा सचिव सागर बैरीशेट्टी भाजपा में शामिल हो गए। बैरीशेट्टी के भाजपा में प्रवेश के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने पहल की थी। इससे पहले 2012 में रागिनी बैरीशेट्टी ने बीजेपी की उम्मीदवारी पर मनपा चुनाव लड़ा था हालांकि, वह मामूली अंतर से हार गई थी। वर्तकनगर, शिवाईनगर, वसंत विहार क्षेत्र में बैरीशेट्टी दम्पति ने नगर सेवक पद के साथ-साथ सामाजिक संगठन के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों को क्रियान्वित किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले, विधायक संजय केलकर और विधायक निरंजन डावखरे ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं भी दीं। भास्कर बैरीशेट्टी ने कहा कि वह पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को ईमानदारी से निभाकर भाजपा की संगठनात्मक मजबूती के लिए काम करेंगे। इस अवसर पर मंच पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सीताराम राणे, पूर्व उपमहापौर मुकेश मोकाशी, भाजपा कार्यकर्ता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राकेश चौगुले, वर्तकनगर मंडल अध्यक्ष संतोष जयसवाल समेत अन्य उपस्थित थे।

# मनपा की नई विकास योजना के खिलाफ हजारों नागरिकों ने बिगुल फूंका

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





ठाणे , ठाणे मनपा ने एक नया मॉडल विकास योजना तैयार की है। यह विकास योजना एक विशेष उद्देश्य को ध्यान में रखकर बनाई गई है। ऐसा आरोप राकांपा-शरद चंद्र पवार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और कोकण प्रभारी डॉ. जितेंद्र आव्हाड के नेतृत्व में हजारों स्थानीय नागरिक एकत्र हुए। इस विकास योजना के विरोध में नागरिकों ने कलवा नाका पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। विधायक आव्हाड ने कहा है कि ठाणे मनपा ने जो नई विकास योजना तैयार की है इस योजना के अनुसार सम्पूर्ण कलवा-खारीगांव को नष्ट कर दिया जायेगा। मनपा योजना को मंजूरी देने वाली सोसायटियों से विशाल सड़कें बनाकर 350 से 400 से अधिक इमारतों को स्थानांतरित करेगा। इससे 45 हजार निवासी बेघर हो जायेंगे। इसके खिलाफ एक जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा और इसी के तहत कलवा के नागरिकों ने कलवा नाका पर एकत्रित होकर नई विकास योजना के खिलाफ बिगुल फूंका है ।इस समय, कलवा और खारीगांव क्षेत्रों में लगभग 400 इमारतें विकास योजना के मसौदे में अवरुद्ध होंगी। पुराने गांव क्षेत्र भी नष्ट हो जाएगा। कलवा खाड़ी पुल के पास के क्षेत्र में तीन इमारतें पूरी तरह से नष्ट हो जाएंगी और निवासी बेघर हो जाएंगे। इससे आम तौर पर करीब 45 हजार परिवार सीधे सड़क पर आ जायेंगे। डॉ. आव्हाड ने कहा कि इससे मंदिर, मैदान आदि क्षतिग्रस्त हो रहे हैं ।उन्होंने कहा है कि अगर कलवा-खारीगांव के निवासियों को मारकर ऐसा विकास होने वाला है तो हम इसके खिलाफ हैं। इसलिए उन्होंने चेतावनी भी दी कि अब ऐसे विकास प्रस्ताव के खिलाफ सभी दल एकजुट होकर आंदोलन खड़ा करेंगे। पिछले सत्र में मुख्यमंत्री की ओर से यह डी.पी. योजना को लेकर आश्वासन दिया गया है। डॉ. जीतेंद्र आव्हाड ने यह भी कहा कि कल से शुरू होने वाले विधानसभा अधिवेशन में हम सरकार से इस संबंध में जवाब मांगेंगे। इस समय राकांपा शहर अध्यक्ष सुहास देसाई, पूर्व प्रतिपक्ष नेता मिलिंद पाटिल, कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश पाटील, पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रमिला केनी, पूर्व नगर सेवक महेश साल्वी, अपर्णा साल्वी समेत बड़ी संख्य में नागरिक उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## सिक्योरिटी-गार्ड को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

### तेज रफ्तार पर टोकने से जानबूझकर चढ़ाया, शिकायत दर्ज

शाहजहांपुर, एक सिक्योरिटी गार्ड को ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलने का मामला सामने आया है। रविवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना कैद हो गई है। थाना आरसी मिशन क्षेत्र के कनेंग गांव निवासी अमित वर्मा एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत हैं। एक सप्ताह पहले वह हाईवे किनारे अपने ऑफिस के बाहर बैठे थे। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। आरोप है कि अमित ने चालक को तेज गति से वाहन न चलाने की हिदायत दी। इस बात से नाराज होकर चालक ने रंजिश मान ली। उसने जानबूझकर ट्रैक्टर-ट्राली को गार्ड की तरफ मोड़ दिया। वाहन घुमाते समय चालक ने सिक्योरिटी गार्ड को कुचल दिया। इस हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल सिक्योरिटी गार्ड का इलाज जारी है।



## दवा लेकर लौट रही महिला की मौत

### तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ा

शाहजहांपुर, एक दर्दनाक सड़क हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। थाना तिलहर क्षेत्र की यह घटना 26 फरवरी की है। मरक्का गांव की रहने वाली यशोदा बुखार की दवा लेने डडिया बाजार गई थीं। वह पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान डडिया बाजार और मरक्का के बीच हाइवे पर एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने परिजनों की मदद से यशोदा को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यशोदा के तीन बच्चे हैं। उनके पति रामचंद्र का देहांत एक साल पहले हो चुका था। यशोदा की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।



## 16 साल की किशोरी को युवक ले भागा

### कलान में घर से गई लड़की नहीं लौटी, 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

मिर्जापुर, मिर्जापुर में एक 16 वर्षीय किशोरी को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने का मामला सामने आया है। किशोरी 23 फरवरी की सुबह मिर्जापुर चौराहे पर गई थी। वह लंबे समय तक घर नहीं लौटी। पिता की शिकायत के अनुसार, मोहम्मदपुर गुलडिया निवासी शनि कुमार उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया है। किशोरी घर से जेवरात और 5000 रुपए नगद भी साथ ले गई है। जेवरात में पायल, झुमकी, बिछुआ और करधनी शामिल हैं। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया है कि इस घटना में सुखपाल, कुलदीप, मीरा और रूप रानी की भी मिलीभगत है।




# मुंब्रा दीवा की समस्याओं को लेकर राकांपा शरदचंद्र पवार गुट ने की अधिकारियों के साथ बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मुस्लिम समाज के पवित्र रमजान माह में आने वाली दिक्कतों को लेकर विधायक डॉ.जितेंद्र अव्हाड साहब के मार्गदर्शन में दिवा प्रभाग समिती कार्यालय में सभी विभाग के अधिकारीयों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक क्षेत्र की समस्याओं और सुझावों पर चर्चा कर उसका हाल निकालने की पहल की गई है। रमजान माह और लोगों को होने वाली तकलीफ से राहत दिलाने हेतु राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार गुट के मुंब्रा-कलवा विधानसभा अध्यक्ष शमीम अहमद खान और अशरफ शानू पठान ने दिवा प्रभाग समिती कार्यालय में सभी विभाग के उच्च अधिकारीयों के साथ बैठक में जनता को होने वाली परेशानी को दूर करने के लिए सुझाव दिए। इस दौरान ठाणे मनपा के सहायक आयुक्त राजाराम गिरी, डायघर पोलिस स्टेशन के वरिष्ठ पोलिस निरीक्षक संदीपन शिंदे, मुंब्रा यातायात विभाग के पोलिस निरीक्षक भरत चौधरी, मनपा जल आपूर्ति अधिकारी सालूंखे समान कई अधिकारी मौजूद थे। इसमें शमीम अहमद खान, अशरफ शानू पठान, बाबाजी पाटील, हिरा पाटील, रेहान पीतलवाला, जफर सय्यद, मुफ़्ती अशरफ, गणेश मुंढे, नूर चौधरी और पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र में होने वाली परेशानियों से अवगत कराया जिससे उनका हल निकला जा सके। दिवा प्रभाग समिती क्षेत्र में शिळ विभाग में अनाधिकृत बांधकाम धड़ल्ले से चलने के कारण इस क्षेत्र में पानी की कमी हो रही है। अनाधिकृत बिल्डिंग निर्माण, सर्विस सेंटर्स और गैरकानूनी तरीके से पाने के कनेक्शन दिए जा रहे हैं जिससे शिल विभाग में पानी की समस्या गंभीर हो रही है। वाय जंक्शन से कल्याण फाटा तक अनाधिकृत गेराज, माल वाहक बड़ी गाड़ियां पार्क होना और कम से कम 25-30 लावारिस चार पहिया गाड़ियां कई महीनों से रास्ते पर पार्क की हुई है जिसे हटाने की मांग की गई। साथ ही भारत गियर्स से शिळ परिसर में धाबों की वजह से उनके ग्राहकों के गाड़ियों की पार्किंग भी रास्ते पर ही होती है। जिससे यातायात जाम की समस्या होती है। शहर में बढ़ती कचरे की समस्या और गंदगी की वजह से बिमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। नागरिकों की समस्या को देखते हुए स्वच्छता का ध्यान दिया जाए। शहर में सब से बड़ी परेशानी की वजह टोरेंट पॉवर कर्मचारियों द्वारा अपने ग्राहकों के बकाया बिल के कारण बिजली की सप्लाई को खंडित करना, बिजली मीटर को जप्त करना और ग्राहकों पर भारी जुमार्ना लगाना जैसे कार्य को रोका जाए। दिवा प्रभाग समिती अंतर्गत शिळ विभाग में रास्तों पर फेरीवालों और अनाधिकृत ढाबों को जल्द से जल्द हटा दिया जाए। शहर में होने वाली समस्याओं को सुनने के बाद सभी विभाग के अधिकारीयों ने ये आश्वासन दिया की रमजान माह को देखते हुए जनता को हर मुमकिन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुंब्रा में बढ़ती पानी की समस्या, टैक्स वसूली में सख़्ती, मनपा के सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा उठाने और साफ-सफाई में लापरवाही बरतने पर सख़्ती की जाएगी। हॉकर्स और ट्रैफिक को नियंत्रण किया जाएगा, टोरेंट पॉवर के कर्मचारियों द्वारा बिल वसूली के नाम पर ग्राहकों की बजली आपूर्ति को रमजान महीने में खंडित नहीं किया जाएगा, और ना ही विजिलियेंस द्वारा भारी जुरमाना लगाया जाएगा। चर्चा के अंत में शमीम अहमद खान और अशरफ शानू पठान ने सभी विभाग के अधिकारीयों का आभार व्यक्त किया और मुंब्रा में ट्रैफिक नियंत्रण करने हेतु मुंब्रा-शिल यातायात विभाग के पोलिस अधिकारीयों की मदद के लिए अपनी ओर से वोलिंटियर्स देने का आश्वासन दिया। इस दौरान रमजान की बधाई दी और अपनी ईबादतों में लोगों की खुशहाली के लिए दुआ करने की गुजारिश की गई है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मान्धाता के बत्तीस जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रतापगढ़ ( उप्र ), मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतापगढ़ के एटीएल ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मान्धाता ब्लाक के बत्तीस जोड़े आज परिणय-सूत्र में बंध गए। मान्धाता ब्लाक के 27 एस सी, 4 ओबीसी और एक मुस्लिम जोड़े ने एक-दूसरे का हांथ थाम लिया ।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मान्धाता विकास खंड से आवेदन करने वालों की पहले से ही तैयारी पूरी कर ली गयी थी। मान्धाता विकास खंड के अधिकारी एटीएल ग्राउंड पर पूरी तैयारी के साथ समय पर उपस्थित होकर मान्धाता विकास खंड क्षेत्र से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में आवेदन करने वाले जोड़ों और उनके परिवार का मार्गदर्शन कर उनकी व्यवस्था पर नजर बनाएं हुए थे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में नवदंपत्तियों को एडीओ आइ एस बी विजय कुमार, प्रभारी एडीओ काशीनाथ वर्मा सहित अन्य सचिवों ने प्रमाण पत्र देते हुए बधाई दी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में ?डीएम शिव सहाय अवस्थी, सीडीओ दिव्या मिश्रा, सदर विधायक राजेंद्र मौर्य, अजय क्रांतिकारी सहित अन्य लोगों ने वर वधुओ को फूल बरसाते हुए आशीर्वाद दिया। एटीएल ग्राउंड मे समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में जिले के सभी ब्लाक से 467 जोड़ों ने विवाह के लिए आवेदन किया था। एटीएल ग्राउंड पर कई दिनों से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी प्रशासन कर रहा था इस विवाह समारोह में दस हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी थी।

## उल्हासनगर की बेटी पायल बासुदे भारतीय महिला फुटबॉल के क्षेत्र में देश भर में अपना नाम रौशन कर रही है

### पायल बासुदे भारतीय महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर के रूप में चयनित।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. जरूरी नहीं रौशनी चिरागों से ही हो,बेटियां भी घर में उजाला करती हैं। उल्हासनगर की एक ऐसी ही बेटी पायल बासुदे अपने परिवार और शहर का नाम रौशन कर रही है। उल्हासनगर क्रमांक 2 की रहने वाली और न्यू ईरा स्कूल तथा सीएचएम कॉलेज में अध्ययन कर चुकी अंतर्राष्ट्रीय महिला फुटबॉल खिलाड़ी गोलकीपर पायल बासुदे अपने अद्भुत खेल प्रतिभा से अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल स्पर्धा में भारतीय टीम की ओर से गोलकीपर के रूप में चयनित हुई हैं। अभी हाल ही में भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच क्रिस्पिन क्षेत्री ने 20 से 26 फरवरी 2025 के दौरान दुबई में खेले गए पिंक लेडीज कप प्रतियोगिता में वरिष्ठ भारतीय महिला टीम के लिए उनका चयन गोलकीपर के तौर पर किया गया था। इस प्रतियोगिता में कोरिया गणराज्य, रूस, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान, जॉर्डन और भारत की टीम ने भाग लिया था। यद्यपि भारत इस प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहा था। पायल बासुदे ने प्रोफेशनल खिलाड़ी के तौर पर भी अनेक टीमों में चयनित होकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने वरिष्ठ महिला फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में गोकुलम केरल फुटबॉल क्लब, वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय फुटबॉल स्पर्धा में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया है। पिफा स्पोर्ट्स, ओडिशा एफसी, किंग स्टार स्पोर्ट्स अकादमी और फ्यूचर स्टार फुटबॉल क्लब के लिए खेला चुकी हैं ।उत्तराखंड में हुए 27वें वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप 2022-2023 में महाराष्ट्र टीम का नेतृत्व किया।

अन्य महत्वपूर्ण स्पधाओं में प्रतिनिधित्व

थाईलैंड में आयोजित ए.एफ.सी. महिला क्लब चैम्पियनशिप 2023 में गोकुलम केरल एफ.सी. की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व किया।

अखिल भारतीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप और खेलो इंडिया महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप 2023-24 में मुंबई विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।


छत्तीसगढ़ में 2024-25 के 29 वें वरिष्ठ राष्ट्रीय महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में महाराष्ट्र टीम की कप्तान के रूप में चयनित।

2024 रअऋत्रऋ महिला चैम्पियनशिप में नेपाल के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत के लिए सीनियर खिलाड़ी के तौर पर अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया।

## गरीब ई-रिक्शा चालक की रोजी-रोटी पर संकट

- घर के बाहर खड़े वाहन से 50 हजार की बैटरियां चोरी, भरण- पोषण मुश्किल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, चोरों ने एक गरीब ई-रिक्शा चालक की जीविका पर संकट खड़ा कर दिया है। मोहल्ला गोपाल नगर में शनिवार रात को अज्ञात चोरों ने पंकज कुमार के ई-रिक्शे से चार बैटरियां चुरा लीं। पंकज कुमार ने रविवार को थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शनिवार रात को उन्होंने अपना ई-रिक्शा घर के बाहर खड़ा किया था। चोरों ने चालाकी से उनके घर का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और ई-रिक्शे से बैटरियां निकाल ले गए। सुबह जब वह उठे तो बैटरियां गायब थीं। पीड़ित ने बताया कि वह एक मजदूर हैं और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। नई बैटरियों की कीमत करीब 50 हजार रुपए है, जो उनकी पहुंच से बाहर है।

## सड़क सुरक्षा के लिए नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान

- तिलहर में 26 जनवरी से नियम लागू, बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वालों को नहीं मिलेगा ईंधन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



तिलहर, मीरानपुर नगर में सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर अधिकारियों ने जागरूकता अभियान चलाया। तिलहर के एसडीएम जीत सिंह रॉय, सीओ ज्योति यादव और कटरा थाना प्रभारी जुगल किशोर पाल ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया। उन्होंने बिना हेलमेट आने वाले बाइक सवारों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। जिले में बढ़ते सड़क हादसों को देखते हुए 26 जनवरी से 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' की व्यवस्था लागू की जा रही है। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। साथ ही, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन मालिकों को भी ईंधन नहीं मिलेगा। सीओ ज्योति यादव ने पेट्रोल पंप के मैनेजर को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को पेट्रोल देने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने सभी नागरिकों से दुर्घटनाएं रोकने और इस जागरूकता अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

## नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत, 2 गिरफ्तार

### भागने का प्रयास करने पर कर्मचारियों ने की थी पिटाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मिर्जापुर, मिर्जापुर के नशा मुक्ति केंद्र में एक युवक की मौत के मामले में पुलिस ने दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लोहे की पाइप और बांस का बेंत बरामद किया गया है। मृतक तौसीफ अंसारी को 14 फरवरी को उसके परिजन नशा मुक्ति केंद्र लोहदी में भर्ती कराया था। केंद्र से दो बार भागने का प्रयास करने पर कर्मचारियों ने उसकी पिटाई की। इस दौरान लगी चोटों के कारण तौसीफ की मौत हो गई। कोतवाली कटरा पुलिस ने बड़ी बसही निवासी अकालून की शिकायत पर मामला दर्ज किया। जांच के बाद शिवम तिवारी और बुल्ली उर्फ रमाशंकर प्रजापति को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपी केंद्र में निगरानी का काम करते थे। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि तौसीफ ने गाली-गलौज की थी। इससे आवेश में आकर उन्होंने उसकी पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान देखकर परिजनों ने बड़ी बसही में सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया था।

## सड़क हादसे में सराफा व्यापारी की हुई थी मौत

### पूर्व विधायक ने परिजनों से की मुलाकात, चीनी मिल के पास हुआ था हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, निगोही में एक सराफा व्यापारी की सड़क हादसे में मौत हो गई। गांधीनगर निवासी आयुष सोनी शनिवार को व्यापार के सिलसिले में शहर आए थे। देर रात घर लौटते समय चीनी मिल के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। परिवार को जानकारी दी। मृतक के पीछे 6 महीने का बेटा है। पूर्व विधायक और समाजवादी पार्टी के नेता रोशनलाल वर्मा पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। साथ ही जल्द पोस्टमॉर्टम कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## समाधान-दिवस में थाना-प्रभारी मोबाइल चलाती रहीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुवायां तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान एक विवाद सामने आया है। बंडा थाना प्रभारी सोनी शुक्ला का मोबाइल पर व्यस्त रहने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। दैनिक भास्कर वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है। समाधान दिवस में कुल 39 शिकायतें दर्ज की गईं। एसडीएम और सीओ पुवायां फरियादियों की समस्याएं सुन रहे थे। इस दौरान थाना प्रभारी मोबाइल में व्यस्त दिखाई दीं। किसी ने उनका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया। वीडियो में आरोप लगाया गया कि थाना प्रभारी वीडियो गेम खेल रही थीं। हालांकि, थाना प्रभारी ने इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि वे वाट्सएप पर आए प्रार्थना पत्रों की जांच कर रही थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ड्यूटी से जुड़े कई काम मोबाइल पर किए जाते हैं। एसडीएम संजय पांडेय ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और मामले की जांच कराई जाएगी।


भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# रूस से युद्ध रोकने का प्लान बनाएंगे यूक्रेन-ब्रिटेन-फ्रांस

## ब्रिटिश पीएम बोले- ये प्लान अमेरिका के सामने रखेंगे, ट्रम्प की सुरक्षा गारंटी जरूरी

एजेंसी

लंदन, ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन मिलकर रूस-यूक्रेन जंग को रोकने के प्लान पर काम करने के लिए राजी हुए हैं। ये प्लान अमेरिका के सामने रखा जाएगा। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के ब्रिटेन दौरे पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इसकी जानकारी दी है। स्टार्मर ने कहा कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति से जेलेंस्की की बहस के बाद चारों देशों के नेताओं की बातचीत में इस प्लान का जिक्र हुआ। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है ट्रम्प यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं। उन्होंने ये भी कहा कि ये प्लान तभी काम करेगा जब अमेरिका अपनी सुरक्षा गारंटी पर टिका रहेगा। कीर स्टार्मर ने लंदन में यूरोपीय देशों की डिफेंस समिट बुलाई है। इसमें फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली समेत 13 देश शामिल होंगे। ठअळड के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट भी इसमें मौजूद रहेंगे।जेलेंस्की भी इस बैठक में भाग लेंगे होंगे। इसमें शामिल होन के लिए इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी इंग्लैंड पहुंच गई हैं।ढट कीर स्टार्मर ने डाउनिंग स्ट्रीट पर उनका स्वागत किया। जॉर्जिया मेलोनी ने कल शाम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बात की थी। इससे पहले जब जेलेंस्की शनिवार को इंग्लैंड पहुंचे तो ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने जेलेंस्की का गले लगाकर स्वागत किया।सड़कों पर लोगों ने जेलेंस्की के सपोर्ट में जोरदार नारे लगाए।स्टार्मर ने जेलेंस्की से कहा कि आपको पूरे ब्रिटेन का सपोर्ट हासिल है।हम आपके और यूक्रेन के साथ खड़े हैं, भले ही इसमें कितना भी वक्त क्यों न लग जाए। जेलेंस्की ने इस सपोर्ट के लिए उनका शुक्रिया अदा किया। ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश ढट स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए।द कीव पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक इस लोन को ॠ7 देशों की एक्स्ट्रा-ऑर्डिनरी रेवन्यू एक्सीलरेशन (एफअ) पहल के तहत दिया गया है। इस लोन का इस्तेमाल यूक्रेन के जरूरी हथियार खरीदने में किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में ॠ7 देशों ने यूक्रेन को 50 बिलियन डॉलर यानी 4.3 लाख करोड़ रुपए की मदद देने का वादा किया था। यूक्रेन को सपोर्ट के मुद्दे पर एव के दो देश सहमत नहीं यूक्रेन के सपोर्ट के मुद्दे पर यूरोपियन यूनियन (एव) के अंदर भी दरार नजर आ रही है।स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का कहना है कि वो यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य तौर पर मदद नहीं देंगे।यूक्रेन कभी भी सैन्य ताकत के दम पर रूस को बातचीत के टेबल पर नहीं ला पाएगा। इससे पहले हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने भी जेलेंस्की के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का सपोर्ट किया है। व्हाइट हाउस में दोनों के बीच हुई बहस के बाद उन्होंने ट्रम्प को मजबूत और जेलेंस्की को कमजोर कहा था। उन्होंने ट्रम्प का धन्यवाद भी किया था। ट्रम्प और जेलेंस्की में हुई थी तीखी बहस जेलेंस्की शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने व्हाइट हाउस पहुंचे थे। जहां दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। ट्रम्प-वेंस और जेलेंस्की एक-दूसरे की तरफ उंगली दिखाते नजर आए। ट्रम्प ने कई बार जेलेंस्की को फटकार भी लगाई। उन्होंने जेलेंस्की से कहा कि वो तीसरा विश्वयुद्ध कराने का जुआ खेल रहे हैं।



# पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने लोकतंत्र और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए वैश्विक मदद मांगी

एजेंसी



> इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका से लोकतंत्र, मानवाधिकारों और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की अपील की है। खान के नाम से प्रकाशित एक लेख में नेता ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी राजनीतिक वापसी के लिए बधाई दी।

इस्लामाबाद । जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका से लोकतंत्र, मानवाधिकारों और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने की अपील की है। खान के नाम से प्रकाशित एक लेख में नेता ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी राजनीतिक वापसी के लिए बधाई दी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि अमेरिका आर्थिक साझेदारी एवं स्थिरता को प्रोत्साहित करने और संघर्ष एवं उग्रवाद को बढ़ावा देने वाली स्थितियों को रोकने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करेगा। यह अभी स्पष्ट नहीं है कि यह लेख वास्तव में खान ने लिखा है या नहीं और इसे पत्रिका तक कैसे पहुंचाया गया। खान ने पाकिस्तान में राजनीतिक उथल-पुथल और लोकतंत्र के लिए अपनी लड़ाई का लेख में जिक्र किया। उन्होंने देश में लोकतंत्र के कथित क्षरण पर गहरी चिंता व्यक्त की और वर्तमान समय को देश के इतिहास में सबसे चुनौतीपूर्ण दौर में से एक बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके खिलाफ राजनीतिक रूप से प्रेरित कदमों के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया और उनके खिलाफ आरोप लगाए गए ताकि लोकतांत्रिक सिद्धांतों के लिए उनके समर्थन को दबाया जा सके। उन्होंने दावा किया

कि उनका संघर्ष व्यक्तिगत नहीं है बल्कि लोकतंत्र के व्यापक मुद्दे से जुड़ा है जिसके न केवल देश के लिए, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए भी दूरगामी परिणाम हैं। खान ने पाकिस्तान के रणनीतिक महत्व को देखते हुए इस बात पर जोर दिया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस संकट से निपटने की तत्काल आवश्यकता को समझना चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि महत्वपूर्ण आतंकवाद-रोधी प्रयासों से संसाधनों को हटाकर उन्हें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध लेने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

# एलन मस्क के खिलाफ टेस्ला के शोरूम के बाहर प्रदर्शन

एजेंसी



> मस्क ट्रंप के निर्देश पर संघीय खर्च और कार्यबल में भारी कटौती करने के लिए कदम उठा रहे हैं और उनका तर्क है कि ट्रंप की जीत ने राष्ट्रपति एवं उन्हें अमेरिकी सरकार के पुनर्गठन का जनादेश दिया है।

प्रदर्शनकारियों ने संघीय खर्च में कटौती के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों के तहत अरबपति कारोबारी एलन मस्क द्वारा उठाए गए कदमों के खिलाफ देशभर में टेस्ला के स्टोर के बाहर प्रदर्शन किए।

उदारवादी समूह कई सप्ताह से टेस्ला के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं ताकि कार कंपनी की ब्रिकी पर नकारात्मक प्रभाव डाला जा सके और मस्क के सरकारी कार्यदक्षता विभाग का विरोध तेज किया जा सके तथा राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रंप की नवंबर की जीत से अब भी हतोत्साहित डेमोक्रेटिक पार्टी में ऊर्जा भरी जा सके। शनिवार को बोस्टन में विरोध करने वाले मैसाचुसेट्स के 58 वर्षीय पारिस्थितिकी विज्ञानी नाथन फिलिप्स ने कहा, हम एलन से बदला ले सकते हैं।हम हर जगह शोरूम में जाकर, टेस्ला का बहिष्कार करके कंपनी को सीधे आर्थिक नुकसान पहुंचा सकते हैं।मस्क ट्रंप के निर्देश पर संघीय खर्च और कार्यबल में भारी कटौती करने के लिए कदम उठा रहे हैं और उनका तर्क है कि ट्रंप की जीत ने राष्ट्रपति एवं उन्हें अमेरिकी सरकार के पुनर्गठन का जनादेश दिया है। टेस्ला टेकडाउन वेबसाइट पर शनिवार को 50 से अधिक प्रदर्शनों की सूची दी गई तथा मार्च में और भी प्रदर्शन किए जाने की योजना है।

# इजराइल ने गाजा पट्टी में राहत सामग्री की अपूर्ति और सहायता पर रोक लगाई



> गाजा पट्टी में सभी तरह की राहत सामग्री की आपूर्ति और मानवीय सहायता पर रोक लगाने के साथ इजराइल ने चेतावनी दी कि यदि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो उसे अतिरिक्त परिणाम भुगतने होंगे।इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया।

एजेंसी

तेल अवीव ।इजराइल ने गाजा पट्टी में सभी तरह की राहत सामग्री की आपूर्ति और मानवीय सहायता पर रोक लगाने के साथ चेतावनी दी कि यदि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो उसे अतिरिक्त परिणाम भुगतने होंगे।हमास ने इजराइल पर नाजुक संघर्ष विराम समझौते को पटरी से उतारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सहायता बंद करने का उसका फैसला जबरन वसूली का घटिया हथकंडा, युद्ध अपराध और (संघर्ष विराम) समझौते पर हमला है। इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया।इसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी। दोनों पक्षों के बीच अभी दूसरे चरण पर बातचीत होनी बाकी है, जिसमें इजराइल के अपनी सेना वापस बुलाने और स्थायी युद्ध विराम के बदले में हमास दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करेगा।

## इजराइल ने संघर्षविराम के पहले चरण को बढ़ाने के अमेरिकी प्रस्ताव का समर्थन किया

एजेंसी



इजराइल सरकार ने रविवार को कहा कि वह गाजा में संघर्ष विराम के प्रथम चरण को रमजान और यहूदी पर्व पासओवर तक बढ़ाने के प्रस्ताव का समर्थन करती है। हमास ने हालांकि संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर बातचीत करने पर जोर दिया है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय की ओर से यह बयान पहले चरण के संघर्ष विराम के समाप्त होने के कुछ ही मिनटों बाद आया। दूसरे चरण के संघर्ष विराम के लिए बातचीत शुरू हो गई है

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने लोगों को बताया भिखारी

## नेताओं से मिलते ही पकड़ा देते हैं 1 टोकरी शिकायती कागज



> मंत्री प्रहलाद पटेल ने बड़ा बयान देते हुए कहा लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गई है. कांग्रेस ने जमकर आलोचना की. जीतू पटवारी ने कहा, "हिम्मत कैसे हुई भिखारी कहने की."

एजेंसी

भोपालः मध्य प्रदेश की मोहन सरकार में सीनियर मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा जनता के मांग पत्रों को भीख बताए जाने के बयान पर कांग्रेस ने जमकर हमला बोला है. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पूछा है कि प्रदेश की जनता को मंत्री भिखारी कह रहे हैं. सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रहलाद पटेल ने जो बयान दिया क्या सरकार भी उससे सहमत है ? आम जनता के काम करना सरकार और सरकार के मंत्रियों का काम है. गरीब और पीड़ित पक्ष हमेशा न्याय और मदद के लिए आता है, वह भिखारी नहीं हो सकता.कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि ₹अधिकार की आवाज को बीजेपी यदि भीख कहती है, तो जनता को सोचना होगा कि वोट की भीख मांगने वाले उसे सरेआम भिखारी कहने की हिम्मत कैसे कर रहे हैं.₹मंत्री के इस बयान पर मचा बवालदरअसल, मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल राजगढ़ जिले के सुठालिया में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे. कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान उन्होंने जनता द्वारा दिए जाने वाले आवेदनों को भीख बता दिया. उन्होंने कहा कि ₹अब तो लोगों की सरकार से भीख मांगने की आदत पड़ गई है. नेता आते हैं तो एक टोकरी तो उनको कागज मिलते हैं. मंच पर माला पहनाएं और एक कागज पकड़ा देंगे यह अच्छी आदत नहीं है. लेने की बजाए देने का मानस बनाएं₹ मैं दावे से कहता हूं कि आप सुखी होंगे और एक संस्कारवार समाज को खड़ा करेंगे. यह भिखारी की फौज इकट्ठा करना यह समाज को मजबूत करना नहीं है. समाज को कमजोर करना है. मुफ्त की चीजों के प्रति जितना आकर्षण रखते हैं यह वीरांगनाओं का सम्मान नहीं है.

### कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

मंत्री प्रहलाद पटेल के बयान पर कांग्रेस ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है. विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा, ₹प्रहलाद पटेल गंभीर और वरिष्ठ मंत्री है. उन्होंने किस भाव से कहा मुझे नहीं पता, लेकिन प्रदेश की जनता को मंत्री भिखारी कह रहे हैं

# पूर्व सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच और 5 अन्य के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर, कोर्ट ने दिया आदेश

**आदेश**

> विशेष अदालत ने एसीबी को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी मामले में माधबी पुरी बुच के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है.

एजेंसी



मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की एक विशेष अदालत ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के संबंध में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है.विशेष एसीबी अदालत के जज शशिकांत एकनाथराव बांगर ने शनिवार को दिए आदेश में कहा, पहली नजर में रेगूलेटरी चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है.₹ अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगी और 30 दिनों के भीतर (मामले की) स्थिति रिपोर्ट मांगी है. अदालत के आदेश में यह भी कहा गया है कि आरोपों से संज्ञेय अपराध का पता चलता है, जिसकी जांच जरूरी है. इसमें कहा गया है कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों और द सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बॉर्ड ऑफ इंडिया की निष्क्रियता के कारण सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) के प्रावधानों के तहत न्यायिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है.

### कथित अपराधों की जांच की मांग

बता दें कि मामले में शिकायतकर्ता ने प्रस्तावित आरोपियों द्वारा किए गए कथित अपराधों की जांच की मांग की थी, जिसमें बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी, नियामक उल्लंघन और भ्रष्टाचार शामिल है. शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सेबी के अधिकारी अपने वैधानिक कर्तव्य में विफल रहे, बाजार में हेरफेर की सुविधा दी और निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करने वाली कंपनी को सूचीबद्ध करने की अनुमति देकर कॉर्पोरेट धोखाधड़ी को सक्षम बनाया. शिकायतकर्ता ने आगे कहा कि कई मौकों पर पुलिस स्टेशन और संबंधित रेगूलेटरी बॉडीज से संपर्क करने के बावजूद, उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की है. कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद मटेरियल पर विचार करने के बाद, एसीबी वर्ली, मुंबई क्षेत्र को आईपीसी, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, सेबी अधिनियम और अन्य लागू कानूनों के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया.

### हिंडनबर्ग ने लगाए थे आरोप

भारत की पहली महिला सेबी प्रमुख बुच जिन पर अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग ने हितों के टकराव के आरोप लगाए थे.

# डिप्टी सीएम शिवकुमार ने कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री को जमकर लगाई लताड़, मैसूर में फिल्म सिटी करने की घोषणा

> 16वें बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने साउथ की कन्नड़ फिल्म उद्योग की कम उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की।उन्होंने इस कार्यक्रम में कन्नड़ फिल्म उद्योग के सदस्यों को कड़े शब्दों में संबोधित किया।उन्होंने कहा कि यह मेरा कार्यक्रम नहीं है



एजेंसी

16वें बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने साउथ की कन्नड़ फिल्म उद्योग की कम उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने इस कार्यक्रम में कन्नड़ फिल्म उद्योग के सदस्यों को कड़े शब्दों में संबोधित किया। शिवकुमार ने कहा, ह्यआगे बढ़ते हुए, मैं चाहता हूं कि फिल्म चैंबर और अकादमी के सदस्य इसे चेतावनी या अनुरोध के रूप में लें। यह मेरा कार्यक्रम नहीं है यह आपका कार्यक्रम है। प्रायोजक भीमा ज्वेलरी वहीं बैठी है।क्या केवल 20 लोगों को इस सिनेमा की आवश्यकता है? इस दौरान कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री ने एक सख्त प्रतिक्रिया भी जारी की, जिसमें कहा गया, ह्ययदि सरकार शूटिंग की अनुमति नहीं देती है, तो वे फिल्म नहीं बना सकते। वे शूटिंग जारी नहीं रख सकते।मुझे भी पता है कि कहां-कहां कसना है, कृपया इसे समझें। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी मौजूद थे।

# महाकुंभ में स्नान करने वाले देश में मतदान करने वालों से ज्यादा, फिर भी विपक्षी नेता अपमानजनक बता रहे :सुधांशु त्रिवेदी

## भाजपा सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाकुंभ पर विपक्षी नेताओं के दिए बयान को लेकर निशाना साधा

> सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे रायबरेली गए थे, लेकिन 100 किलोमीटर दूर महाकुंभ में नहीं गए. साथ ही उन्होंने कहा कि 2019 में इसी तरह से वह अयोध्या में हनुमानगढ़ी गए थे, लेकिन रामलाल के दर्शन करने नहीं गए

एजेंसी



कोटाः राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी रविवार को कोटा दौरे पर आए हुए हैं. वे दिन भर में कई कार्यक्रम में व्याख्यान देंगे. इसी क्रम में केयर प्वाइंट के ऑडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी के विचार संगम कार्यक्रम को संबोधित किया. इस दौरान महाकुंभ के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 66 करोड़ लोगों ने महाकुंभ 2025 में स्नान किया है, जबकि भारत में लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ लोगों ने मतदान किया था.महाकुंभ का पर्व संपन्न हुआ है, यह मनुष्य जाति के इतिहास का सबसे बड़ा जन समागम था. भारतीयता, धार्मिकता, संस्कृति के विराटता और वैज्ञानिकता का प्रमाण था. यह अफसोस की बात है कि इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं ने अपमानजनक शब्द कहे. चाहे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा हो कि गंगा जल में डूबकी लगाने से क्या होगा? लालू प्रसाद यादव ने फालतू का बोला. सीएम ममता बनर्जी ने मृत कुंभ बोला है. देश की जनता सब समझती है. इन सभी नेताओं के मन में भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति हिकारत का भाव है, जबकि अयोध्या में पूरी तरह से समरसता थी. वहां पर कौन सा घाट किस जाति के लिए था, यह तय नहीं है. जबकि महाकुंभ के बारे में यह सारी बातें प्रेरित हैं, क्योंकि इन्हीं के गठबंधन के सहयोगी सनातन के समूल नाश की बात कह चुके हैं.कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्या के संबंध में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में हर संभव व्यवस्था कर रही है. कानून की आवश्यकता होगी, वह भी हमारी सरकार करेगी. साथ ही उन्होंने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि किसी भी तरह की कोई तकलीफ या समस्या है तो हार मानना ठीक नहीं है. केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के लोगों के भीख मांगने की आदत वाले बयान पर उन्होंने कहा कि इस बयान के संबंध में जानकारी नहीं है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने लोगों को सशक्त करने का काम किया है. प्रधानमंत्री ने मुद्रा, स्टार्टअप योजना और किसानों को सम्मान निधि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को डेवलप कर समग्र विकास का आधार बनाया है. जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने उन्हें पैसा देकर काम चला लो, का काम किया है.

संक्षेप

## बिजली लाइन बदलने गई टीम पर हमला

### अमरोहा में चार लोगों ने बिजली कर्मचारियों से की मारपीट, केस दर्ज

अमरोहा, डिडौली थाना क्षेत्र में बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।जोया इलाके के गांव अजीज नगर में विद्युत विभाग की टीम जर्जर बिजली लाइन को बदलने का काम कर रही थी। टीम में चार कर्मचारी अशोक, रिंकू, बाबू और आकाश मौजूद थे।काम के दौरान गांव के चार लोगों ने उनका विरोध शुरू कर दिया। मुकर्रब, सादाब, महताब और शहनवाज नाम के इन लोगों ने पहले कर्मचारियों को तार न बदलने की धमकी दी।विरोध करने पर आरोपियों ने कर्मचारियों से गाली-गलौच की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने बेल्ट से कर्मचारियों की पिटाई भी कर दी। डिडौली थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## चोरी का सोना खरीदने में बसपा नेता गिरफ्तार

### अमरोहा में ज्वैलरी शॉप से करोड़ों की चोरी का खुलासा, मास्टर माइंड भी अरेस्ट

अमरोहा, फरीदाबाद के सेक्टर सात स्थित हुडा मार्केट में तरुण ज्वैलर्स की दुकान से सात जनवरी को हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा हुआ है। पुलिस ने चोरी के मास्टरमाइंड सौरभ वर्मा और एक अन्य आरोपी को चार दिन पहले गिरफ्तार किया।दोनों आरोपी चुचैला कलां के रहने वाले हैं। पूछताछ में सौरभ ने खुलासा किया कि चोरी का सोना बहुजन समाज पार्टी के मंडल मुरादाबाद के पूर्व कोऑर्डिनेटर को बेचा गया। शनिवार शाम को फरीदाबाद पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बसपा नेता की महादेव चुंगी स्थित ज्वैलरी शॉप पर छापा मारा। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने इस कार्रवाई की पुष्टि की है। जांच में सामने आया है कि चुचैला कलां के आरोपी देश के लगभग सभी राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते रहे हैं। इस गांव में विभिन्न राज्यों की पुलिस अक्सर चोरों की तलाश में दबिश देती रहती है।

## सड़क पार करते समय ट्रक चालक की मौत

### पानी लेने जा रहे राजस्थान निवासी को वाहन ने कुचला, परिजनों को दी सूचना

हापुड़, दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। घटना कोतवाली हापुड़ नगर क्षेत्र के सबली अंडर पास के पास बाईपास पर हुई। रात को राजस्थान निवासी विजय सिंह अपने ट्रक को दिल्ली की ओर ले जा रहे थे। सबली अंडर पास के पास उन्होंने अपना ट्रक रोका। वह बाल्टी लेकर पास के एक होटल से पानी लेने के लिए सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

# बैंक कैशियर से हुई लूट का खुलासा

## कर्ज में डूबे रिश्तेदार ने दोस्तों संग की थी लूटपाट; 3 अरेस्ट, गहने बरामद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के पीपल गांव इलाके में बैंक कैशियर विशाल राव के घर हुई लूट से पुलिस ने पर्दा उठा दिया। घर में लाखों की लूटपाट करने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त में हैं।२सोने-चांदी के गहने और सामान बरामद हो गया। वारदात के खुलासे में सबसे अहम यह है कि लूट की योजना बैंक कैशियर के एक करीबी रिश्तेदार दीपक घुसिया ने बनाई थी।



वह बैंक कैशियर के घर आता जाता था। दीपक कर्ज में डूबा तो उसे लगा कि बैंक कैशियर के घर पत्नी और बच्चे अकेले रहते हैं। घर मे काफी माल मिलेगा। इसके बाद उसने दोस्तों संग लूट की योजना बनाकर अंजाम दे दिया। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने बताया कि थाना एयरपोर्ट पुलिस, एसओजी नगर व सर्विलांस सेल नगर की संयुक्त टीम इस वारदात को वर्कआउट करने में लगीं थीं। सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरों की जांच से सुराग मिले। इसके बाद रिश्तेदार दीपक को पकड़ा गया। वह पुलिस को गुमराह करता रहा। अंत में उसकी चोरी पकड़ी गई। दीपक के बाद पुलिस ने उसके साथियों को दबोचा तो सबने घटना कबूल ली। 22 फरवरी को विशाल राव पुत्र स्वर्गीय चंद्रभान राव निवासी सीपी गौतम स्कूल के पास पीपल गांव थाना एयरपोर्ट (बैंक कैशियर) के घर में जब उनकी पत्नी अपने 2 बच्चों के साथ अकेली थीं, तो दोपहर करीब 1.30 बजे 2 अज्ञात व्यक्ति उनके घर पहुंचे। पति विशाल राव के बारे में पूछने लगे। उसके बाद पानी पीने के बहाने उनके घर का दरवाजा खुलवाकर घुस गए। इसके बाद तमंचा दिखाकर लूटपाट की गिरफ्तार अभियुक्त दीपक कुमार घुसिया से पुलिस ने पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि उसकी सगी मौसी की पुत्री विशाल राव की पत्नी है। अभियुक्त दीपक कुमार का विशाल राव के घर अक्सर आना जाना था। दीपक कुमार कर्ज में डूबा हुआ था जिस कारण उसने अपने दोस्तों अरविन्द कुमार व सुलेमान हक के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। जब विशाल राव घर पर मौजूद नहीं थे, उसी समय मौके का फायदा उठाकर दीपक कुमार घुसिया दोनों साथियों के साथ पहुंचा और लूटपाट की।

# जज ने पत्नी को 12 साल नहीं दिया गुजारा भत्ता

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा– पति रहम का हकदार नहीं, 35 बार सुनवाई टलवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, एक जज जिसे पत्नी के कानूनी अधिकारों की जानकारी है, गुजारा भत्ता देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया में उलझाए रखा। पत्नी को फैमिली कोर्ट के आदेश के बावजूद गुजारा भत्ते का भुगतान नहीं किया।कानूनी प्रक्रिया का दुरूपयोग किया और तारीख पर तारीख डलवाते रहे। पत्नी के साथ कानूनी लड़ाई जारी रखकर न्याय में देरी की। पत्नी को अर्जी की डेट से गुजारा भत्ता दिया जाए। यह आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एटा अपर जिला जज की पत्नी की याचिका पर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि याची अर्जी की तिथि से पति के वेतन खाते से हर माह 20 हजार रुपए गुजारा भत्ता पाने की हकदार हैं। यह राशि 17 अगस्त 2019 से बढ़कर 30 हजार रुपए हो जाएगी। याची के वकील ने बताया कि सोनभद्र निवासी शबाना बानो का निकाह चार मई 2002 को



हुआ था। शादी के समय पति सिविल जज थे। वर्तमान में एटा अपर जिला जज हैं। शादी में पीड़िता के परिजनों ने 30 लाख रुपए खर्च किए थे। इंडिका कार भी दी थी। इसके बाद 20 लाख रुपए एक्स्ट्रा मांगे गए। दोनों से 4 बच्चे हैं जो पति के साथ हैं। विवाद के बाद 18 नवंबर 2013 को पति ने पीड़िता को घर से निकाल दिया और दो दिसंबर 2013 को तलाकनामा भेज दिया। पत्नी ने गुजारा भत्ते की मांग करते हुए सोनभद्र की फैमिली कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। हाईकोर्ट के जज विनोद दिवाकर ने कहा कि एक जज जिसे पत्नी के कानूनी अधिकारों की जानकारी है, गुजारा भत्ता देने के बजाय कानूनी प्रक्रिया में उलझाए रखा। पत्नी को फैमिली कोर्ट के आदेश के बावजूद गुजारा भत्ते का भुगतान नहीं किया। पति ने कानूनी प्रक्रिया का दुरूपयोग किया और तारीख पर तारीख डलवाते रहे।

# ग्राम पंचायत के खाते में फिर हैकर्स की सेंधमारी

- 2.90 लाख निकालने की कोशिश नाकाम, खाता सीज होने से बची रकम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, बाजार शुकुल ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेंदुआ के खाते में एक बार फिर साइबर फ्रॉड का प्रयास हुआ है। हैकर्स ने खाते से 2 लाख 90 हजार रुपए निकालने की कोशिश की। पूर्व सचिव जितेंद्र सिंह को 28 फरवरी को अपने मोबाइल पर पैसे कटने का मैसेज मिला। ग्राम प्रधान दान बहादुर तुरंत बैंक ऑफ बड़ौदा की बाजार शुकुल शाखा पहुंचे। मिनी स्टेटमेंट से पता चला कि हैकर्स ने अमरेश गिरी के खाते में रकम ट्रांसफर करने का प्रयास किया था। खंड विकास अधिकारी अंजलि सरोज ने बताया कि पिछले फ्रॉड के बाद एहतियातन खाता सीज कर दिया गया था। इसी वजह से हैकर्स की कोशिश विफल रही। इससे पहले भी इसी तरह के फ्रॉड में अमरेश गिरी के खाते में 18 लाख रुपए ट्रांसफर किए गए थे। पिछले फ्रॉड की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई थी, जिसकी जांच उच्च अधिकारियों द्वारा की जा रही है। ई-ग्राम स्वराज पेमेंट पोर्टल में सुरक्षा की कमियां सामने आ रही हैं, जिन पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है।




# बैडमिंटन प्रतियोगिता में माही रहीं प्रथम

## युगल वर्ग में निशाता और कशिश विजेता, सीसीएसयू में हुआ आयोजन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मेरठ, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में अंतर छात्रावास प्रतियोगिता 2024-25 के अंतर्गत रविवार को बालिका वर्ग की बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला के मार्गदर्शन एवं मुख्य छात्रावास अधीक्षक प्रोफेसर दिनेश कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में सिंगल्स वर्ग में माही चौधरी (दुर्गा भाभी महिला छात्रावास) ने दिव्या राजपूत (रानी लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास) को हराकर 12-10 के स्कोर से जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर दिव्या राजपूत (रानी लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास) एवं तृतीय स्थान पर दीप्ति अहलावत (रानी लक्ष्मी बाई महिला छात्रावास) रही। युगल वर्ग में निशाता और कशिश गोलियॉन (रानी लक्ष्मी



बाई महिला छात्रावास) ने सपना कुशवाहा एवं कशिश गुप्ता (दुर्गा भाभी महिला छात्रावास) को हराकर 11-7के स्कोर से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के समन्वयक डॉ. सीपी सिंह व सह समन्वयक डॉ. अनिल कुमार यादव, ई. विजय कुमार राम, ई. विजय सिंह, डॉ. निधि भाटिया, डॉ. वंदना राणा, डॉ. धर्मेंद्र प्रताप आदि रहे। मुख्य अतिथि प्रो. एसएस गौरव, प्रो. संजय कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के अकादमिक विकास के साथ मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं। जिससे उनके संपूर्ण व्यक्तित्व का भी विकास होता है, साथ ही ऐसी प्रतियोगिताएं खेल अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को विकसित करते हैं। बैडमिंटन मैचों में अंकुश कुमार, करण सिंह, ध्रुव गोस्वामी, शिवम् गुप्ता, रश्मि कश्यप, स्वाति गुंजन, सलोनी चौहान एवं सृष्टि सैनी मैच रेफरी-ऑफिशियल रहे।

# पत्नी की हत्या करने वाले को 10 साल सजा

- बांदा कोर्ट ने सुनाई 10 साल कैद, 3 हजार रुपए जुमार्ना, दहेज के लिए की थी हत्या

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

बांदा, दहेज हत्या के मामले में कोर्ट ने पति को दोषी करार दिया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. बब्बू सारंग ने आरोपी को 10 साल की सजा और 3 हजार रुपए का जुमार्ना सुनाया है। जुमार्ना न भरने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला पैलानी थाना क्षेत्र का है। पीड़िता के पिता कल्लू उर्फ कलुवा ने 13 जून 2022 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी सुधा की शादी 19 फरवरी 2019 को हरवंश पुरवा निवासी मुकेश से हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष दहेज में तीन लाख रुपए की मांग कर रहा था। आरोप है कि 7 जून 2022 को पति मुकेश समेत ससुराल के लोगों ने सुधा को जबरन जहर पिलाकर मार डाला। पुलिस जांच में सास, ससुर, जेठ और नंदोई पर फाइनल रिपोर्ट लगी। केवल पति मुकेश के खिलाफ 18 अगस्त 2022 को आरोप पत्र दाखिल किया गया। मामले में अभियोजन पक्ष ने पांच गवाह पेश किए। सभी साक्ष्यों और अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने पति को दोषी पाया और सजा सुनाई।



# बच्चों ने विज्ञान दिवस पर लगाई प्रदर्शनी

## छात्रों ने मॉडल से समझाई स्वस्थ जीवन और विज्ञान की अहमियत

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शहर के मेलिनियम स्कूल में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि किंग कॉलेज स्ट्रैंड लंदन की निशप्रिया ठाकुर रही। विज्ञान प्रदर्शनी में मिलेनियम स्कूल के बच्चों ने विभिन्न मॉडल से विज्ञान की जरूरतों को समझाया।

कार्यक्रम में शामिल भाजपा के जिलाध्यक्ष डॉ. आर ए वर्मा ने बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा की विद्यालय प्रबंधन ने बहुत अद्भुत और ज्ञानवर्धक विज्ञान प्रदर्शनी लगवाई है। इसमें हर क्लास के बच्चों ने अपने ज्ञान के आधार पर मॉडल बनाया है। जिससे समाज में रह रहे लोगों को ये जानकारी मिले कि उनके स्वस्थ शरीर के लिए किस आहार को कितने मात्रा में लेना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यालय की सोच अच्छी है की वह मॉडल के माध्यम से बच्चों को समझा रहे है इससे बच्चों की मेमोरी तेज होगी और बच्चों की जिज्ञासा विज्ञान के प्रति बढ़ेगी। इस कार्यक्रम के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदन सेबेस्टियन ,मिलेनियम स्कूल के डायरेक्टर सुशील कुमार त्रिपाठी सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक मौजूद रहे।



# टाइगर प्रोडक्ट के मालिक और भाजपा नेता पर एफआईआर

## गोदाम में आग लगाने और लूट की धाराओं में एफआईआर, कोर्ट ने दिया था आदेश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, अलीगढ़ के बन्नादेवी थाने में टाइगर प्रोडक्ट के मालिक और भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। टेंट गोदाम में आग लगने के मामले में षड्यंत्र करने और लूट करने के मामले में टाइगर के मालिक और भाजपा नेता समेत 4 को नामजद किया गया है। हाईकोर्ट के आदेश पर बन्नादेवी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दो अलग-अलग मुकदमे लिखे गए हैं और दोनों ही मुकदमे मेलरोज बाईपास स्थित ज्वालाजी पुरम निवासी शैलेंद्र कुमार गौतम की ओर से लिखवाए गए हैं। इसमें 20-25 अज्ञात लोगों को भी शामिल किया गया है। जीटी रोड स्थित टाइगर लॉक परिसर के अंदर मदनसगढ़ी निवासी उमेश कुमार का टेंट डेकोरेशन का गोदाम है। उनका गोदाम परिसर के मालिक सुबोध कुमार से विवाद चल रहा था और कोर्ट ने इस मामले में यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। अब आरोप है कि गोदाम खाली कराने के लिए उन्होंने ऐसा किया। मुकदमा उमेश के मैनेजेर शैलेंद्र कुमार गौतम की ओर से कराया गया है। इसमें बताया गया कि आरोपी 1 जनवरी को 4 करोड़ रुपए का सामान लूटकर ले गए। इसके बाद 3 जनवरी को गोदाम में आग लगा दी, जिसमें जिसमें दो करोड़ रुपए का टेंट डेकोरेशन का सामान रखा हुआ था। एक मुकदमें में सुबोध कुमार, कुशलपाल, सुनील, प्रमोद सहित 20-25 अज्ञात नामजद हुए हैं। दूसरा मुकदमा भाजपा नेता समेत 30-40 अज्ञात के खिलाफ है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि उनका गोदाम परिसर के मालिक से विवाद चल रहा था। इसी कारण 1 जनवरी को उनके गोदाम में नामजद के साथ अज्ञात हथियार बंद बदमाश घुसे और लूट की। फिर 3 जनवरी को उन्होंने गोदाम में आग लगवा दी। लेकिन थाने में इस मामले में सुनवाई नहीं की गई और उन्हें वापस लौटा दिया गया। जिसके बाद टेंट डेकोरेशन गोदाम के मैनेजर शैलेंद्र गौतम हाईकोर्ट चले गए थे। कोर्ट ने उनके पक्ष को सुनते हुए मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए थे। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।




# 'कलयुग में कथा श्रवण से मिलती है मुक्ति'

## ज्योति किशोरी बोलीं– भगवान कृष्ण लीलाओं से स्थापित किए आदर्श आज भी प्रासंगिक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, करौदीकला के असलहुद्दीनपुर में श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन वृंदावन धाम से पधारी अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचिका ज्योति किशोरी ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भागवत कथा श्रवण से सत्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है। ज्योति किशोरी ने बताया कि भगवान कृष्ण ने अपनी लीलाओं के माध्यम से जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने गीता में स्पष्ट किया है कि कलयुग में भागवत कथा का श्रवण मात्र से मनुष्य को मुक्ति मिल जाती है। कथा वाचिका ने बताया कि मनुष्य एकमात्र ऐसा प्राणी है, जिसमें सोचने और समझने की चेतना होती है। अच्छे कर्म कर प्राणी जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्ति पा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को मानव धर्म की रक्षा करते हुए सच्चे मार्ग पर चलना चाहिए। ज्योति किशोरी ने लोगों को समझाया कि काम, क्रोध, लोभ और मोह का त्याग कर ईश्वर की ओर ध्यान देना चाहिए। भागवत कथा समाज में प्रेम का संदेश देती है। यह सामाजिक सद्भाव, शांति और भाईचारे के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि ईश्वर को पाने के लिए मंदिर में भटकने की जरूरत नहीं है, वह तो सभी जगह विराजमान हैं। इस मौके पर आयोजक कृपा शंकर उपाध्याय, शिवम् उपाध्याय, प्रधान मनोज तिवारी, अंजनी उपाध्याय, राहुल मिश्र, श्रीकांत उपाध्याय, जगदंबा प्रसाद उपाध्याय, श्याम नारायण उपाध्याय, विजय प्रकाश उपाध्याय, विकास उपाध्याय, जयनारायण उपाध्याय, संयोजक कृपा शंकर उपाध्याय एवं शिवम उपाध्याय ने आए हुए सभी श्रोतागण का आभार व्यक्त किया



# मथुरा में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

## पत्नी के मायके जाने से परेशान था, पुलिस ने दरवाजा तोड़कर निकाला शव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, हाईवे थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। नगला मेवाती डब्लू कॉलोनी में रहने वाले 32 वर्षीय गोलू ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। निजी कंपनी में काम करने वाले गोलू की पत्नी से कुछ दिन पहले घरेलू विवाद हुआ था। विवाद के बाद पत्नी नाराज होकर मायके चली गई थी। गोलू ने कई बार पत्नी से फोन पर बात करने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बताया गया कि जब परिजन किसी काम से बाहर गए थे, गोलू ने यह कदम उठाया। घर लौटने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। चिंतित होकर उन्होंने खिड़की से अंदर झांका तो गोलू का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा और शव को बाहर निकाला। थाना प्रभारी आनंद शाही के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पालतू बिल्ली की मौत, सदमे में महिला ने जान दी

## अमरोहा में 3 दिन तक शव को सीने से लगाकर रोती रही, फिर पंखे से लटक गई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमरोहा, पालतू बिल्ली की मौत से सदमे में आई 30 साल की महिला ने सुसाइड कर लिया। उसकी मां ने बताया- बेटी तीन दिनों तक बिल्ली के शव के साथ रही। वह शव को सीने से लगाकर लगातार रोती रही। हमने उसे समझाया, लेकिन उसने मेरी नहीं सुनी। मां ने बताया कि शनिवार रात 8 बजे मैं बेटी को खाना खाने के लिए बुलाने गई। देखा तो उसका शव कमरे में पंखे से लटका हुआ था। घटना हसनपुर के रहरा अड्डा गांव की है। पति से अलग होकर मां के साथ रहती थी महिला



महिला का नाम पूजा देवी था। वह अपनी मां और दो भाइयों के साथ रहती थी। मां गजरा देवी ने बताया कि मेरे पति गुलाबदास का निधन हो चुका है। वह निरंकारी मिशन गजरौला के पूर्व मुखी थे। मेरी बेटी पूजा की शादी 8 साल पहले दिल्ली में हुई थी, लेकिन शादी के दो साल बाद ही वह अपने पति से अलग हो गई और मायके लौट आई। तब से वह मेरे साथ रहती थी। मां बोली- बच्चे की तरह बिल्ली की देखभाल करती थी मां ने बताया- पूजा घर की तीसरी मंजिल पर बने कमरे में रहती थी। करीब एक साल पहले उसने मोहल्ले में घूम रहे एक बिल्ली के बच्चे को पकड़ा और उसे अपने घर ले आई। उसने बिल्ली का नाम 'किट्टो' रखा और बच्चे की तरह उसकी देखरेख कर रही थी। मां ने बताया- पिछले एक महीने से किट्टो की तबीयत खराब रहने लगी। पूजा ने उसका इलाज करवाया, लेकिन वह ठीक नहीं हुई और किट्टो की मौत हो गई। पूजा को इस बात का यकीन नहीं हो रहा था कि उसकी बिल्ली अब नहीं रही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।।सम्पादक– खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस– फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजूकोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।